


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25




वर्ष- 15 अंक - 139 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 2 मार्च 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

# महासमुंद ने बार-बार तय किया दिग्गजों का भाग्य

## भाजपा का गढ़ बनी इस सीट पर जोगी ने ढहाया था विद्याचरण शुक्ल का किला, बाद में खुद भी हारे

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

रायपुर। कभी छत्तीसगढ़ की राजनीति का केन्द्र रहे महासमुंद क्षेत्र ने देश व प्रदेश को कई कद्दावर नेता दिए हैं। महानदी तट पर बसे इस क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान सिरपुर और गंगरेल बांध की वजह से जरूर है, लेकिन दिग्गज नेताओं के कारण महासमुंद सदैव सुर्खियों में रहा है। राजनीतिक दृष्टि से महासमुंद संसदीय क्षेत्र को हाई प्रोफाइल माना जाता है। विद्याचरण शुक्ल यहां से 6 बार सांसद रहे, वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने भी इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। संत कवि पवन दीवान भी इसी क्षेत्र से दो बार सांसद रहे। विगत 3 चुनाव से इस सीट पर भाजपा का कब्जा है और वर्तमान में चुन्नीलाल साहू यहां का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस बार भी उनकी टिकट तय मानी जा रही है। हालांकि पार्टी के कुछ और नेता भी महासमुंद के जरिए दिल्ली का सफर तय करने की दावेदारी कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ ही नहीं, अविभाजित मध्यप्रदेश में भी महासमुंद लोकसभा क्षेत्र देश में जाना माना नाम रहा है। दरअसल, महासमुंद ने छत्तीसगढ़ के कई दिग्गज नेताओं को देश की राजधानी तक पहुंचाया। इस लोकसभा में तीन जिले और उनकी आठ विधानसभा सीटें आती है। महासमुंद जिले में चार विधानसभा महासमुंद, खल्लारी, बसना और सरायपाली, गरियाबंद जिले में बिंद्रा नवागढ़ और राजिम विधानसभा सहित धमतरी जिले में कुरूद और धमतरी विधानसभा क्षेत्र शामिल है। 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा व कांग्रेस के खाते में 4-4 सीटें आई। बसना और महासमुंद विधानसभा पर भाजपा ने जीत हासिल की है। धमतरी और बिंद्रानवागढ़ कांग्रेस की झोली में रहा वहीं कुरूद और राजिम भाजपा के खाते में गया। वैसे तो इस सीट पर कांग्रेस के कब्जे का इतिहास रहा है, लेकिन कांग्रेस के चक्रव्यूह को भाजपा ने पांच बार भेदने में सफलता हासिल की।




### ...जब केबीसी में पूछा गया सवाल

टीवी के प्रसिद्ध शो कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) में भी महासमुंद क्षेत्र चर्चा में रहा है। दरअसल, वाकया यह है कि 2014 के चुनाव में भाजपा ने चंदूलाल साहू को महासमुंद क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित किया था। कांग्रेस की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी प्रत्याशी थे। इस चुनाव में कुल 11 चंदू साहू मैदान में थे। इनमें से 8 चंदूलाल थे वहीं 3 चंदूराम साहू थे। केबीसी में इसी को लेकर सवाल पूछा गया था। आरोप लगे थे कि भाजपा के चंदूलाल साहू को हराने के लिए ही उनके हमनाम 11 लोगों के चुनावी फार्म भरवाए गए थे, ताकि वोट चंदुओं में बँट जाए। बताया जाता है कि 11 में से ज्यादातर चंदुओं की कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं थी। कई चंदुओं के पास तो जमानत की राशि जमा करने के लिए पैसे भी नहीं थे। हालांकि चंदुओं के समानांतर खड़ा करने के बावजूद भाजपा के चंदूलाल साहू यहां से दूसरी बार सांसद निर्वाचित हुए थे। अजीत जोगी को पराजय का सामना करना पड़ा। इस चुनाव में महासमुंद क्षेत्र में कुल 38 प्रत्याशी मैदान में थे।

### चुन्नी की मजबूत दावेदारी चंद्राकर भी मैदान में



वर्तमान सांसद चुन्नीलाल साहू की दावेदारी इस क्षेत्र से काफी मजबूत है। लेकिन उनके अलावा भी भाजपा से कई अन्य दावेदार सक्रिय हैं। पार्टी ने साहू के अलावा दो अन्य नामों का पैनल बनाकर दिल्ली भेजा था। इनमें पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर व संत गोवर्धन शरण व्यास के नाम शामिल है। इनके अलावा प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री विभा अवस्थी का नाम भी दावेदारों में शामिल है। विभा लम्बे समय से क्षेत्र में सक्रिय हैं। विशेष कर देवभोग अमलीपदर क्षेत्र में आदिवासी जनजाति के विकास के लिए उन्होंने काफी काम किया है। यदि यहां प्रत्याशी बदलने की नौबत आती है तो इन्हीं तीन नामों में ही फैसला होने की संभावना है। माना जा रहा है कि भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची जल्द ही जारी हो सकती है। पार्टी के नेताओं ने महासमुंद सीट को अपने पक्ष में माना है। इसलिए इस बात की संभावना कम ही है कि पहली सूची में इस सीट का नाम शामिल हो। हालांकि बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ की करीब-करीब सभी सीटों पर प्रत्याशियों के नाम तय कर लिए गए हैं।

### दिग्गजों की भिड़ंत से चर्चा में आई महासमुंद सीट

महासमुंद लोकसभा सीट पर राज्य बनने के बाद हुए 4 आम चुनावों में से दो ने देश-विदेश में सुर्खियां बटोरी। राज्य बनने के बाद 2004 में हुए पहले आम चुनाव में इस सीट से दो कांग्रेसी दिग्गज आमने-सामने थे। कांग्रेस ने चार महीने पहले राज्य की सत्ता खोने वाले अजीत जोगी को यहां से प्रत्याशी बनाया तो भाजपा ने कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री पं. विद्याचरण शुक्ल को कमल निशान थमा दिया। पूरे चुनाव अभियान के दौरान दोनों-तरफसे जोरदार प्रचार अभियान चला, लेकिन मतदान के ठीक दो दिन पहले जोगी सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। हादसा इतना भयानक था कि जोगी के बचने की उम्मीद नहीं थी। कहा जाता है कि इससे जोगी के पक्ष में सहानुभूति लहर चली। जोगी एक लाख से अधिक मतों से जीत गए, लेकिन हादसे के कारण जिंदगीभर के लिए चलने- फिरने में असमर्थ हो गए। 2014 में जोगी ने फिर इस सीट से भाग्य आजमाया। लेकिन उन्हें दूसरी बार कामयाबी नहीं मिली। इस बार महासमुंद की चर्चा एक ही नाम के 11 प्रत्याशियों को लेकर थी।

### पर्यटन से भी है महासमुंद की पहचान

महानदी के तट पर स्थित महासमुंद क्षेत्र की विशेष पहचान अंतरराष्ट्रीय पर्यटक स्थल सिरपुर और गंगरेल बांध से है। प्राचीन छत्तीसगढ़ अर्थात दक्षिण कौशल की राजधानी रहे श्रीपुर (सिरपुर) को विश्व धरोहर की सूची में शामिल करने का प्रयास जारी है। सिरपुर, महासमुंद जिले का आइकॉन है। यह जिला छत्तीसगढ़ की राजनीति का बड़ा केंद्र रहा है। विद्याचरण शुक्ल, अजीत जोगी, श्यामाचरण शुक्ल से लेकर संत कवि पवन दीवान तक ने इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है। यह क्षेत्र सोमवंशीय सम्राट द्वारा शासित दक्षिण कोशल की राजधानी था। यहां के मंदिर अपने प्राकृतिक और सौंदर्य के कारण लोगों को आकर्षित करते हैं। यहां के बम्हनी गांव में निरंतर प्रवाह होने वाली कुंड श्वेत गंगा बेहद लोकप्रिय स्थान है। इस कुंड के समीप भगवान शिव का एक प्राचीन मंदिर स्थापित है। यहां मांघ पूर्णिमा और महाशिवरात्री के दौरान मेला लगता है। महासमुंद को साहू बाहुल्य क्षेत्र माना जाता है। साहू समाज की आबादी यहां करीब 20 फीसद है। यही वजह है कि राजनीतिक दल यहां जातीय समीकरणों को देखकर प्रत्याशी तय करते हैं।

### रोचक रहा है इतिहास

1952 से अब तक महासमुंद में 18 चुनाव हुए हैं। इनमें 12 बार कांग्रेस ने चुनाव जीता। एक बार 1989 के चुनाव में विद्याचरण शुक्ल जनता दल की टिकट पर जीते थे, जबकि भाजपा व जनता पार्टी यहां से पांच बार चुनाव जीतने में सफल रहीं। महासमुंद से ही कांग्रेस नेता विद्याचरण शुक्ला ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की थी। बतौर सांसद अपने नौ कार्यकाल में से विद्याचरण ने अपने पहले चुनाव समेत छह चुनाव महासमुंद से ही जीते। वर्ष 2004 में जब उन्होंने भाजपा में शामिल होने के लिए कांग्रेस छोड़ दी, तो वे इसी निर्वाचन क्षेत्र में लौटकर आए। तब वे पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस नेता अजीत जोगी से हार गए थे। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्यामाचरण शुक्ल इस सीट से 1999 में चुनाव जीतकर सांसद बने। वहीं 2004 में राज्य के पहले मुख्यमंत्री जोगी यहां से सांसद बने थे। कांग्रेस के श्योदास डागा 1952 में चुनाव जीतकर महासमुंद के पहले सांसद बने। इसके बाद 1971 तक लगातार कांग्रेस ही जीती। 1977 में जनता पार्टी के उम्मीदवार बृजलाल वर्मा लगभग 80 हजार मतों से चुनाव जीते थे। इस तरह पहली बार महासमुंद में जनता पार्टी (भाजपा) की एंट्री हुई। वर्ष 1998 में फिर भाजपा के चंद्रशेखर साहू ने चुनाव जीता। 2009 से लगातार यहां भाजपा के सांसद चुने गए।

# झारखंड के दुमका में विदेशी महिला से गैंगरेप, स्पेन से आई थी पर्यटक

- घटना में शामिल थे सात से आठ लोग, पुलिस कर रही तलाश




**रांची (एजेंसी)।** झारखंड के दुमका में एक विदेशी महिला से गैंगरेप की कथित घटना का खुलासा हुआ है। पुलिस के मुताबिक, महिला पर्यटक स्पेन से आई है। यह घटना शुक्रवार रात को रांची से 300 किमी दूर हंसडीहा पुलिस स्टेशन क्षेत्र के कुरुमाहत में हुई। बताया गया है कि महिला पर्यटक अपने साथी के साथ यहां एक टेंट में रुकी थी।

जारमुंडी संभाग के पुलिस अफसर ने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात को ही हुई। उन्होंने आगे की जानकारी बाद में देने की बात कही। इस बीच नाम न छापने की शर्त पर एक अधिकारी ने बताया कि इस घटना में सात से आठ युवकों के शामिल होने की बात सामने आई है। इनमें से तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है। वहीं, बाकी लोगों की तलाश जारी है। पीड़िता को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, यह स्पैनिश जोड़ा बांग्लादेश से टू-व्हीलर पर झारखंड के दुमका पहुंचा था। यहां से उन्हें बिहार और फिर नेपाल जाना था।

### घटना पर क्या बोले नेता-अधिकारी

इस मामले की शिकायत दर्ज कराने पर फूलो झानो मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक अनुकरण पूर्ति ने कहा, इस केस में उनका बयान है कि उनके साथ बुरा बर्ताव हुआ है। उनकी स्थिति ठीक है और उनकी जान को किसी भी प्रकार का खतरा नहीं है। मामले की जांच चल रही है। मेडिकल जांच भी की जा रही है। झारखंड सरकार में मंत्री बन्ना गुप्ता ने इस घटना पर कहा, यह तथ्यात्मक तौर पर कितना सही है, इसके बारे में मुझे जानकारी नहीं है। हालांकि, सरकार गलत काम करने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई करेगी। फिर चाहे वह हमारी भारतीय बहन के साथ हो या विदेशी बहन के साथ।

# बीजापुर में नक्सलियों ने भाजपा नेता की धारदार हथियार से की हत्या



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले शुक्रवार को नक्सलियों की कायराना हरकत सामने आई है। शादी समारोह से लौट रहे एक भाजपा नेता तिरुपति कटला की निर्ममता से हत्या कर दी। तिरुपति कटला भाजपा के वरिष्ठ नेता होने के साथ ही जनपद सदस्य व सहकारिता प्रकोष्ठ के संयोजक थे। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं सुरक्षाबलों ने आसपास सर्चिंग शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार भाजपा नेता तिरुपति कटला शुक्रवार की शाम शादी समारोह में शामिल होने बीजापुर से 25 किलो मीटर दूर तोयनार गये हुए थे। वे शादी समारोह से वापस लौट रहे थे इसबीच नक्सलियों ने उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। धारदार हथियार गर्दन व छाती पर लगी जिससे में गंभीर रूप से घायल हो गए। नक्सली हमले से गंभीर रूप से घायल हुए तिरुपति को जिला अस्पताल लाया गया। जहां उनकी मौत हो गई। कटला की मौत खबर से जहां परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# सीएम विष्णुदेव साय की घोषणा : 12 मार्च को किसानों को मिलेगी धान की अंतर राशि

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शनिवार को जशपुर के दौरे पर पहुंचे। यहां उन्होंने लोगों को कई सौगातें दी। इस मौके पर सीएम साय ने बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कि किसानों को उनके धान के अंतर की राशि 13 मार्च को प्रदान की जाएगी। जशपुर दौरे पर उन्होंने गिरी गोवर्धन पर्वत-तामामुंडा में सांस्कृतिक मंडप का शुभारंभ किया। वहीं पत्थलगांव में लिंक कोर्ट शुरू करने की भी घोषणा की।

बता दें धान खरीदी के बाद भाजपा की घोषणापत्र के मुताबिक किसानों को अंतर की राशि दिया जाना है। यह राशि लगभग 13 हजार करोड़ रुपएह है जो कि 12 मार्च को सीएम साय प्रदान करेंगे। शनिवार को जशपुर दौरे पर सीएम साय ने कई घोषणाएं की। उन्होंने पत्थलगांव में लिंक कोर्ट प्रारंभ करने की घोषणा की। इसके अलावा गिरी गोवर्धन पर्वत के सुगम सीसी मार्ग निर्माण के लिए 32 लाख रुपए, फरसाबहार में संस्कृतिक मंडप के लिए 10 लाख रुपए, शिवमन्दिर से कासाटोली के लिए 12 लाख रुपए की घोषणा की।

### जशपुर दौरे पर सीएम साय, पत्थलगांव में लिंक कोर्ट शुरू करने की घोषणा




### मुख्यमंत्री ने किया गिरी गोवर्धन पर्वत-तामामुंडा में सांस्कृतिक मंडप का शुभारंभ


जशपुर दौरे पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने फरसाबहार विकास खंड के अंतर्गत ग्राम तामामुंडा में स्थित गिरी गोवर्धन धाम में निर्मित सार्वजनिक सांस्कृतिक मंडप सहित अखिल भारतीय महाकुल (यादव) समाज के कार्यालय का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय भी उपस्थित रहीं। यहां मुख्यमंत्री ने भगवान श्री कृष्ण की पूजा कर तीन दिवसीय अखंड हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे,हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे कीर्तन एवं अधिवास समारोह का शुभारंभ किया और परिसर में रुद्राक्ष के पौधे का भी रोपण किया। इससे पहले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जशपुर जिले के तामामुंडा-फरसाबहार हेलीपैड पहुंचे। यहां विधायक गोमती साय, कौशल्या देवी साय सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया।

### भाजपा सांसद गौतम गंभीर नहीं लड़ेंगे चुनाव

# एक्स पर पोस्ट कर कहा अब क्रिकेट पर देना है ध्यान

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर ने राजनीति से दूर होने का फैसला कर लिया है। उन्होंने क्रिकेट पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। एक्स हैंडल पर पोस्ट के जरिए उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा को इसकी सूचना दी है। गौतम गंभीर वर्तमान में पूर्वी दिल्ली से लोकसभा के सांसद हैं। उनके पोस्ट से यह बात साफ हो गई है कि वह आगामी लोकसभा चुनाव में नहीं उतरेंगे।

गंभीर ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, 'मैंने माननीय पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से अनुरोध किया है कि मुझे मेरे राजनीतिक कर्तव्यों से मुक्त करें ताकि मैं अपनी क्रिकेट को लेकर प्रतिबद्धताओं पर ध्यान केंद्रित कर सकूं। मुझे लोगों की सेवा करने का अवसर देने के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह जी को तहेदिल से धन्यवाद देता हूं। जय हिन्द!' भारत सरकार द्वारा गौतम गंभीर को 2008 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वहीं,



2019 में उन्हें पद्मश्री से भी नवाजा जा चुका है।

### ऐसा रहा गंभीर का राजनीतिक करियर

गंभीर का राजनीतिक करियर लगभग पांच साल का रहा है। 22 मार्च 2019 को वह केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली और रविशंकर प्रसाद की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए थे। उन्हें 2019 लोकसभा चुनाव में 696,158 वोट मिले थे। उन्होंने पूर्वी दिल्ली सीट पर कांग्रेस नेता अरविंदर सिंह लवली और आम आदमी पार्टी की आतिशी मार्लेना को हराया था। लवली को 3,04,934 और आतिशी को 2,19,328 वोट मिले थे।

# युवती और धर्म में से एक को चुनना

श्रीकंचनपथ




यह प्यार भी एक अलग ही तरह की भावना है। अपने प्यार के लिए लोग किसी भी हद से गुजर जाते हैं। बात कभी-कभी जान देने और लेने तक भी पहुंच जाती है। अकसर उलझन प्यार और परिवार में से किसी एक को चुनने का होता है। कभी-कभी प्रेम त्रिकोण भी हादसों का कारण बन जाता है। पर यह मामला एकदम अलग है। यह कोई किशोरवय का प्यार नहीं था जिसमें आकाशीय सपने होते हैं। किशोरवय की आसक्ति में प्यार के आगे दुनिया तुच्छ हो जाती है। यहां तो मामला एक ऐसे सुलझे हुए 44 वर्षीय व्यक्ति का है जो सांसद प्रतिनिधि हुआ करता था। आजीविका के लिए वह एक कियोस्क का संचालन भी करता था। एक युवती से वह पिछले लगभग छह वर्षों से प्रेमसंबंध में था। युवती दूसरे धर्म की थी। दोनों के बीच रोजाना घंटों बातें होती थीं। फिर एक दिन बंदा फांसी पर लटका हुआ मिला। पुलिस की छानबीन में उसके घर और कियोस्क से छह अलग-अलग सुसाइड नोट मिले। लगता है उसने वास्तव में फांसी लगा लेने से पहले भी कई बार मरने की सोची थी। फांसी लगाने की वजह युवती द्वारा ब्लैकमेल किया जाना था। सुसाइड नोट के अनुसार युवती धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बना रही थी और ब्लैकमेल कर रही थी। बंदे ने उसे 20 हजार रुपए भी दिये थे पर युवती शायद और पैसे मांग रही थी। वह दबाव और तनाव बर्दाश्त नहीं कर पाया और खुदकुशी कर ली। प्यार का पटाक्षेप हो गया और मामला अपराध तक जा पहुंचा। आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पुलिस ने युवती को गिरफ्तार कर लिया है। वैसे प्रेम की यह उलझन कोई नई नहीं है। लोग प्यार के लिए घर-परिवार, धर्म सबकुछ छोड़ने को तैयार हो जाते हैं। कुछ लोग एक से ज्यादा शादियां करने के लिए धर्म बदल लेते हैं तो कोई एक अदद नौकरी या सुनिश्चित भविष्य के लिए धर्म बदल लेता है। पर इस मामले में ऐसा नहीं हो पाया। मशहूर शायर साहिर लुधिनायनवी ने कहा था' वो अफसाना जिसे अंजाम तक लाना न हो मुमकिन, उसे एक खूबसूरत मोड़ देकर छोड़ना अच्छा'। ऐसे किसी खूबसूरत मोड़ तक उनका रिश्ता पहुंच नहीं पाया। लिहाजा जब वह प्रेमिका को समझाने में विफल रहा तो खुद अपनी जान दे दी। जोधा-अकबर के संबंधों को याद करें तो जोधाबाई शहंशाह अकबर की दुल्हन बनने के बाद भी हिन्दू धर्म का पालन करती रही थी। अकबर ने महल में ही इसके लिए विशेष व्यवस्था करवा दी थी। आज भी विजातीय प्रेमी जोड़े विवाह के बाद अपने-अपने नाम और धर्म का पालन करते मिल जाते हैं। वैसे भी मार-पीट कर या दबाव डालकर किसी का धर्म तो बदला जा सकता है पर उसकी आस्था नहीं बदली जा सकती। बापू ने जीवन भर ईश्वर-अल्लाह तेरो नाम भले ही गाया हो पर अंतिम समय में भी उनके कंठ से सिर्फहे-राम ही निकला।



## संपादकीय

### आर्थिकी की छलांग

इसमें दो राय नहीं कि वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही में जीडीपी के आंकड़े अर्थव्यवस्था में आशा का संचार करने वाले हैं। अक्टूबर-दिसंबर की तिमाही के जीडीपी आंकड़े बताते हैं कि देश कोरोनाकाल के संकट और वैश्विक चुनौतीपूर्ण स्थितियों से मुक्त होकर विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। शुक्रवार को शेयर बाजार का रिकॉर्ड ऊंचाई तक पहुंचना बताता है कि उसे तरक्की के आंकड़े रास आए हैं। विपक्षी नेता कह सकते हैं कि चुनावी समर में जाते देश की गुलाबी तसवीर सरकार पेश कर रही है। लेकिन मार्च माह के पहले दिन घरेलू बाजार में दमदार तेजी हकीकत बयां करती है। विदेशी निवेशकों का भरोसा भारतीय अर्थव्यवस्था में बढ़ा है। जिसके चलते सेंसेक्स और निफ्टी नए सर्वकालिक उच्च स्तर तक जा पहुंचे। जो बताते हैं कि देश की अर्थव्यवस्था ने नई रफ्तार पकड़ ली है। देश ने आर्थिक विकास के मामले में चीन-अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है। गुरुवार को जारी तीसरी तिमाही के आंकड़ों के अनुसार देश की विकास दर 8.4 फीसदी रही है। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि यह आंकड़ा साढ़े छह प्रतिशत के आसपास रह सकता है। वैसे इससे पहले दूसरी तिमाही की ग्रोथ दर 7.6 फीसदी रही थी। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में विकास दर 4.3 फीसदी रही थी। निस्संदेह, ये आंकड़े मोदी सरकार के लिए बूस्टर का काम कर सकते हैं। जो आने वाले आम चुनाव में एक मुद्दा भी रहेगा और सरकार अर्थव्यवस्था के सवाल पर विपक्ष के सवालों का जवाब देने में मजबूत रहेगी। इतना ही नहीं, आईएमएफजैसी वैश्विक संस्थाएं भी कह रही हैं कि मौजूदा वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक विकास की गति अमेरिका, जापान व चीन से अधिक रहेगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि विकास के आंकड़ों की यह क्षमता देश के 140 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाये। देश में बेरोजगारी की दर धरातल पर कम हो।

> भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को दी गयी जानकारी के अनुसार, विदेशी मुद्रा का भंडार अब बढ़कर 619 अरब डॉलर हो गया है। वहीं दूसरी ओर भारतीय स्टेट बैंक के एक अध्ययन में बताया गया है कि चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर आठ फीसदी के दायरे में रह सकती है।

उल्लेखनीय है कि पिछली तिमाही में अर्थव्यवस्था के बेहतर प्रदर्शन के मूल में तीन बड़े कारक रहे हैं। भले ही कृषि क्षेत्र में सुस्ती देखी गई है, लेकिन मैन्युफैक्चरिंग, माइनिंग और विनिर्माण के क्षेत्रों में उत्साहवर्धक गति देखी गई है। बढ़ते अप्रत्यक्ष करों में वृद्धि का भी अर्थव्यवस्था को गति देने में योगदान रहा है। उत्साहजनक बात यह रही कि उत्पादन क्षेत्र में तीसरी तिमाही में 11.6 फीसदी की वृद्धि देखी गई है। यह वृद्धि पिछली तिमाही में महज 4.8 फीसदी रही थी। वहीं खनन के क्षेत्र में भी विकास दर 7.5 फीसदी रही है। अच्छी बात यह भी है कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार फरवरी में करीब तीन अरब डॉलर बढ़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को दी गयी जानकारी के अनुसार, विदेशी मुद्रा का भंडार अब बढ़कर 619 अरब डॉलर हो गया है। वहीं दूसरी ओर भारतीय स्टेट बैंक के एक अध्ययन में बताया गया है कि चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर आठ फीसदी के दायरे में रह सकती है। भारत की यह उपलब्धि इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि दुनिया की तमाम बड़ी अर्थव्यवस्थाएं उच्च मुद्रास्फीति की चुनौतियों से जूझ रही हैं। जिसके चलते विश्व की वित्तीय स्थितियों में विषमता नजर आ रही है। वहीं भारत ने दुनिया में जारी युद्धों के प्रभाव, महामारी के प्रभावों के बावजूद ये कामयाबी हासिल की है। अच्छी बात यह है कि हमारी उपलब्धियां अनुमानों से अधिक हैं। सुखद यह भी है कि देश ने लगातार तीसरी बार अर्थव्यवस्था की विकास दर को सात प्रतिशत से अधिक रख पाने में सफलता पायी है। इसके बावजूद कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य अनुकूल नहीं है। निस्संदेह, विनिर्माण क्षेत्र में दो अंकों में वृद्धि महत्वपूर्ण है। लेकिन कृषि क्षेत्र में अपेक्षित वृद्धि का न होना हमारी चिंता का विषय होना चाहिए। देश की खाद्य शृंखला को मजबूत बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। बहरहाल, अर्थव्यवस्था के ताजा आंकड़ों से निश्चित रूप से नये जनादेश के लिये जाने वाली राजग सरकार का आत्मविश्वास बढ़ेगा।

## भारत के धनवान

एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भारत में अति धनी व्यक्तियों की संख्या तेजी से बढ़ी है। अगले चार साल में इस तादाद में और भी ज्यादा तेज रफ्तार से बढ़ोतरी होगी। बड़ी तस्वीर तो यह है कि यह वृद्धि दुनिया में सबसे तेज दर से होगी। इस तरह भारत दुनिया में अति धनवान व्यक्तियों की संख्या में सबसे तेज वृद्धि दर दर्ज करने वाला देश बन जाएगा। भारत से जो देश पीछे छूट जाएंगे, उनमें चीन भी शामिल है। भारत में यह दर 50.1 प्रतिशत रहेगी, जबकि चीन में 47 फीसदी।

स्पष्टत: भारत ना सिर्फ सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश बना रहेगा, बल्कि सबसे तेजी से अति धनी लोगों की संख्या भी यहीं बढ़ेगी। दरअसल, इन दोनों ही परिघटनाओं में गहरा संबंध है। यह बात नाइट फ्रैंक संस्था के अध्ययनकर्ताओं ने भी कही है, जिनकी ताजा रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारत के अति धनवान लोगों के शौक क्या हैं। रिपोर्ट में अति धनवान उन लोगों को माना गया है, जिनके पास तीन करोड़ डॉलर-यानी लगभग सवा दो सौ करोड़ रुपये- से अधिक की संपत्ति है। अब यह देखना दिलचस्प है कि इन लोगों की पसंद क्या है। बताया गया है कि पिछले वर्ष लग्जरी घड़ियों, कलाकृतियों और जेवरात पर इन लोगों के खर्च में क्रमश: 138, 105 और 37 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। यानी संकेत यह है कि ये लोग किसी उत्पादक कार्य में धन लगाने के बजाय विलासिता पर अधिक खर्च कर रहे हैं। तो अनुमान लगाया जा सकता है कि इनकी आमदनी का प्रमुख स्रोत शेयर-बॉन्ड-ऋण बाजार-वायदा कारोबार आदि यानी वित्तीय संपत्तियों में निवेश है। यह एक चक्र है। इनके निवेश से ये बाजार चमकते हैं और फिर उससे इन लोगों को होने वाले लाभ में बढ़ोतरी होती है। ये सारी बढ़ोतरी देश के जीडीपी में भी गिनी जाती है। तो कहा जा सकता है कि आम अर्थव्यवस्था के समानांतर जो एक वित्तीय अर्थव्यवस्था खड़ी हुई है, देश के धनी-मानी लोग उसका आधार हैं और उससे लाभान्वित भी। जबकि देश की बहुंसख्यक आबादी इस सारी चमक से बाहर बनी हुई है। यही आज के भारत की हकीकत है।

## नशे की लहरें

यूं तो देश के विभिन्न भागों में नशीले पदार्थों की बरामदगी और तस्करों की गिरफ्तारी आम बात है। मगर जब कोई नशे की बड़ी खेप की बरामदगी होती है तो चिंताएं बढ़ जाती हैं। जहां घातक नशा हमारी युवा पीढ़ी को पथभ्रष्ट करके आत्मघात के रास्ते पर ले जा रहा है, वहीं नशे से उगाहे जाने वाले पैसे से अपराध व आतंकवाद की दुनिया ताकतवर हो रही है। खबर आई कि नौसेना, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यानी एनबीसी और गुजरात पुलिस के साझे आप्रेशन में एक नाव से अब तक की सबसे बड़ी तीन हजार तीन सौ किलो ड्रग्स बरामद की है। इस नाव पर सवार पांच तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। आशंका है कि तस्कर पाकिस्तान के हो सकते हैं क्योंकि पैकेटों पर पाकिस्तानी कंपनी की मोहर लगी बतायी जाती है। बरामद नशीले पदार्थ की कीमत दो हजार करोड़ रुपये है। कल्पना कीजिये कि यह नशा यदि हमारे युवाओं की नसों में उतरता तो कितनी बड़ी हानि होती और भारत की दुर्लभ मुद्रा नशा तस्करों के हाथ में पहुंचती। बहुत संभव है कि आतंकवाद व अपराध की दुनिया को मजबूत करती। एनसीबी के अधिकारियों द्वारा बताया जा रहा है कि समुद्र में किसी बोट से यह अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी है।

> भारत ने शुरुआत में रूस से इंजन खरीदने का अनुबंध किया था। लेकिन 1990 के दशक के आरंभ में अमेरिका ने मिसाइल तकनीक नियंत्रण व्यवस्था (एमटीसीआर) का हवाला देते हुए इसमें बाधा उत्पन्न कर दी थी। इसका असर यह हुआ कि रूस ने तकनीक तो नहीं दी लेकिन छह क्रायोजेनिक इंजन जरूर भारत को शुल्क लेकर भेज दिए।


# अंतरिक्ष में नई इबारत लिखने को हम हैं तैयार

प्रमोद भार्गव

हाल ही में उन अंतरिक्ष यात्रियों के नाम उजागर कर दिए गए, जिनमें से तीन को अंतरिक्ष में उड़ान भरने का अवसर मिलेगा। ये हैं- प्रशांत नायर, अजीत कृष्णन, अंगद प्रताप और शुभांशु शुक्ला। ये सभी फाइटर पायलट हैं जो भारत के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान अभियान के साक्षी बनने गगनयान से सैर करने वाले हैं।

नि:संदेह, 40 साल बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष में जा रहा है। परंतु इस बार वक्त भी हमारा है, काउंटडाउन भी हमारा है और रॉकेट भी हमारा है। इन यात्रियों को 2025 में पृथ्वी से 400 किमी दूर स्थित कक्षा में भेजा जाएगा। ये केवल तीन दिन वहां रहेंगे। फिर भारतीय समुद्र में इन्हें उतारा जाएगा। ये चारों यात्री रूस के यूरी गागरिन अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण ले चुके हैं।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने अभियान गगनयान की चरणबद्ध तैयारी में क्रायोजेनिक इंजन सीई-20 को उड़ान भरने के लिए स्वदेशी तकनीक से विकसित कर लिया है। गगनयान भारत का पहला ऐसा अंतरिक्ष अभियान होगा, जो तीन भारतीयों को लेकर अंतरिक्ष की उड़ान भरेगा। इस दृष्टि से इंजन में सुधार में मानव सुरक्षा रेटिंग प्रक्रिया को सफल मान लिया गया है। इस इंजन को मानव मिशन के योग्य बनाने की दृष्टि से चार अलग-अलग स्थितियों में 39 हॉट फायरिंग टेस्ट से गुजरना पड़ा है। यह प्रक्रिया 8 हजार 810 सेकेंड तक चली। इस दौरान इन इंजनों को 6 हजार 350 सेकेंड तक जांच से गुजरना पड़ा। यह इंजन मानव रेटेड एलवीएम-3 प्रक्षेपण वाहन के ऊपरी चरण को शक्ति प्रदान करेगा। ये सब तैयारियां भेजे गए इंसान को सुरक्षित रूप में वापस लाने के लिए की जा रही हैं। यही इंजन अंतरिक्ष की उड़ानों से लेकर उपग्रहों के प्रक्षेपण एवं मिसाइल छोड़ने में काम आता है।



नि:संदेह, हमारे वैज्ञानिकों ने अनेक विपरीत परिस्थितियों और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद इस क्षेत्र में अद्वितीय उपलब्धियां हासिल की हैं। अन्यथा एक समय ऐसा भी था, जब अमेरिका के दबाव में रूस ने क्रायोजेनिक इंजन देने से मना कर दिया था। अब वही रूस इस अभियान में हमारी सबसे ज्यादा मदद कर रहा है। असल में किसी भी प्रक्षेपण यान का यही इंजन वह अश्व-शक्ति है, जो भारी वजन वाले उपग्रहों व अन्य उपकरणों को अंतरिक्ष में पहुंचाने का काम करती है। दरअसल, भारत ने शुरुआत में रूस से इंजन खरीदने का अनुबंध किया था। लेकिन 1990 के दशक के आरंभ में अमेरिका ने मिसाइल तकनीक नियंत्रण व्यवस्था (एमटीसीआर) का हवाला देते हुए इसमें बाधा उत्पन्न कर दी थी। इसका असर यह हुआ कि रूस ने तकनीक तो नहीं दी लेकिन छह क्रायोजेनिक इंजन जरूर भारत को शुल्क लेकर भेज दिए। कालांतर में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की मदद से भारत को एमटीसीआर क्लब की सदस्यता भी मिल गई, लेकिन इसके पहले ही इसरो के वैज्ञानिकों के कठोर परिश्रम और दृढ़ इच्छाशक्ति के चलते स्वदेशी तकनीक के बूते चरणबद्ध रूपों में इंजन को विकसित कर लिया गया।

मानव मिशन की इस उड़ान के पहले चरण का सफल प्रक्षेपण इसरो पहले ही कर चुका है। देश के महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान से जुड़े पैलोड के साथ उड़ान भरने वाले परीक्षण यान के असफल होने की स्थिति में क्रू मॉड्यूल अर्थात् जिसमें अंतरिक्ष यात्री सवार होंगे, को बाहरी अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करने के बाद वापस सुरक्षित लाने के लिए 'क्रू एस्केप सिस्टम' यानी चालक दल बचाव प्रणाली (सीईएस) का सफल परीक्षण कर इसरो विश्व कीर्तिमान स्थापित कर चुका है। इस बचाव प्रणाली की जरूरत इसलिए थी, क्योंकि यान के असफल होने पर कई वैज्ञानिक प्राण गंवा चुके हैं। इस परीक्षण के अंतर्गत क्रू मॉड्यूल रॉकेट से अलग हो गया और बंगाल की खाड़ी में गिर गया।

इसरो अध्यक्ष एस. सोमनाथ का कहना है कि इस मानव मिशन के लिए 'पर्यावरण नियंत्रण और जीवन समर्थन प्रणाली' (ईसीएलएसएस) अन्य देशों से नहीं मिलने के कारण इसरो इसे स्वयं विकसित करेगा। गगनयान की उड़ान 2025 में भरी जाने की संभावना है। गगनयान परियोजना के तहत इसरो मानव चालक दल को 400 किमी ऊपर पृथ्वी की कक्षा में भेजेगा। बाद में सुरक्षित पृथ्वी पर वापस समुद्र में उनकी लैंडिंग कराई जाएगी।

उल्लेखनीय है कि मिशन के लिए 10 हजार करोड़ रुपये मंजूर किए जा चुके हैं। हालांकि अब तक भारतीय या भारतीय मूल के तीन वैज्ञानिक अंतरिक्ष की यात्रा कर चुके हैं। राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय हैं। शर्मा रूस के अंतरिक्ष यान सोयुज टी-11 से अंतरिक्ष गए थे। इनके अलावा भारतीय मूल की कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स भी अमेरिकी कार्यक्रम के तहत अंतरिक्ष जा चुकी हैं। अब अंतरिक्ष में मानवरहित और मानवचालित दोनों तरह के यान भेजे जाएंगे। पहले चरण में योजना की सफलता को परखने के लिए अलग-अलग समय में दो मानव-विहीन यान अंतरिक्ष की उड़ान भरेंगे। इनकी कामयाबी के बाद मानव-युक्त यान अपनी मंज़िल का सफर तय करेगा।

# अन्नदान महादान: स्कूली बच्चों को 'न्योता भोजन' में मिलेगा पौष्टिक आहार

छत्तीसगढ़ में दानवीर लोगों की कमी नहीं है। वैसी भी दान देने की परम्परा हमारे समाज में प्राचीन काल से चली आ रही है। यहां नई फसल की खुशी में छेरछेरा पर्व में दान देने की परंपरा है। यह हमारे समाज की दानशीलता का उदाहरण है। हमारे शास्त्रों में भी अन्नदान को महादान की संज्ञा दी गई है।

छत्तीसगढ़ सरकार बच्चों में कुपोषण दूर करने के लिए समाज की इसी परम्परा का सहारा ले रही है। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना में समुदाय की भागीदारी जोड़ते हुए न्योता भोजन की अनूठी पहल की गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने गृह ग्राम बगिया में आश्रम शाला के बच्चों को अपने जन्मदिवस पर न्योता भोजन कराते हुए इस योजना की शुरूआत की है। छत्तीसगढ़ में स्कूली बच्चों को अब नियमित रूप से मिल रहे भोजन के अलावा समाज के अग्रणी और सक्षम लोगों के जरिए न्योता भोजन में पौष्टिक और रूचिकर खाद्य सामग्री मिलेगी। 'न्योता भोजन' तीन प्रकार के हो सकते हैं - पूर्ण भोजन (शाला की सभी कक्षाओं हेतु), आंशिक पूर्ण भोजन (शाला के किसी कक्षा विशेष हेतु), अतिरिक्त पूरक पोषण सामग्री।



दान-दाताओं द्वारा प्रदान किया जाने वाला खाद्य पदार्थ अथवा सामग्री उस क्षेत्र के खान-पान की आदत (फुड हैबिट) के अनुसार होनी चाहिए। पूर्ण भोजन की स्थिति में नियमित रूप से दिये जाने वाले भोजन के समान बच्चों को दाल, सब्जी और चावल सभी दिया जाना है। फल, दूध, मिठाई, बिस्किट्स, हलवा, चिक्की, अंकुरित खाद्य पदार्थ जैसे सामग्री, जो बच्चों को पसंद हो का चुनाव अतिरिक्त पूरक पोषण सामग्री के रूप में किया जा सकता है। पौष्टिक एवं स्वादिष्ट मौसमी फलों का चयन भी पूरक पोषण सामग्री के रूप में किया जा सकता है।

न्योता भोजन का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि तथा सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है। इस योजना में समाज के अग्रणी और सक्षम लोगों के अलावा कोई भी सामाजिक संगठन, स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं अथवा अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकते हैं। यह स्कूल में दिए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं होगा, बल्कि यह विद्यार्थियों को दिए जा रहे भोजन का पूरक होगा।

न्योता भोजन समुदाय के सक्षम लोग भी विवाह के वर्षगांठ, जन्मदिन, राष्ट्रीय पर्व आदि विशेष अवसरों पर भी स्कूली बच्चों को पौष्टिक भोज्य पदार्थ उपलब्ध करा सकेंगे। यह पूर्ण रूप से ऐच्छिक होगा। दानदाता स्कूली बच्चों को मौसमी फल, दूध, मिठाई, बिस्किट, हलवा, अंकुरित खाद्य पदार्थ आदि वितरित कर सकते हैं। न्यौता भोजन के लिए बच्चों की रूचि के अनुरूप दानदाता खाद्य पदार्थ का चयन कर सकते हैं।

'न्योता भोजन' में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना से लाभांवित हो रहे बच्चों को अतिरिक्त खाद्य पदार्थ या पूर्ण भोजन के रूप में पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदाय किया जा सकेगा। इस योजना के संचालन के लिए शाला विकास समिति को जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह समिति समुदाय में ऐसे दान दाताओं की पहचान करेगी, जो रोटेशन में माह में कम से कम एक दिन शाला में 'न्योता भोजन' करा सके। दान दाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें शाला की प्रार्थना सभा अथवा वार्षिक दिवस में सम्मानित भी किया जाएगा।

**-घनश्याम केशरवानी**
**उपसंचालक**

# महतारी वंदन योजना महिलाओं को बनाएगी आर्थिक रूप से मजबूत

### प्रदेश की महिलाएं बढ़ रही हर दिशा में आगे

महिलाओं की आत्मनिर्भरता वास्तव में देश और समाज दोनों की विकास से जुड़ी हुई है। जब एक महिला आर्थिक रूप से सशक्त होती है तो एक परिवार और समाज भी सशक्त होता है। इसका सकारात्मक परिणाम बच्चों की शिक्षा-दीक्षा के साथ परिवार की आर्थिक उन्नति के रूप में होता है। राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सार्थक प्रयास किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार राज्य में मोदी जी की गारंटी को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। छत्तीसगढ़ की महिलाएं हर दिशा में आगे बढ़ रही है। इसी का परिणाम है कि महतारी वंदन योजना के तहत अंतिम दिनों तक फॉर्म भरने के लिए महिलाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। केन्द्र में फॉर्म भरने वाली महिलाओं ने बताया कि हर महीने योजना के तहत एक हजार रुपए उनके खाते में दिए जाएंगे, एक वर्ष में उन्हें 12 हजार रुपए मिलेगा। इस योजना के माध्यम से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त और मजबूत बनने वाली है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत् 72 लाख 74 हजार से अधिक महिलाओं ने आवेदन भरा है।



नारायणपुर जिले के ग्राम पुसवाल निवासी 28 वर्षीय रामदई कचलाम, 40 वर्षीय बतीबाई कचलाम, 35 वर्षीय सुलबती नाग और 55 वर्षीय मानकी बाई कचलाम ने बताया कि वे महतारी वंदन योजना का फॉर्म भरकर बहुत उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के हमारे जैसे लाखों गरीब महिलाओं के लिए यह योजना वरदान साबित होगा। उन्होंने खुशी का इजहार करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की यह योजना महिलाओं के विकास में मददगार साबित होकर जीवन को खुशहाली देने में सहयोग मिलेगा। मानकी बाई कचलाम ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्णय अनुसार प्रदेश के सभी पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये देने के निर्णय से हम लोग बेहद खुश हैं। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को महतारी वंदन योजना प्रारंभ करने के लिए धन्यवाद देते हुए आभार जताया है।

सुलबती नाग ने कहा कि महतारी वंदन योजना प्रारंभ होने से हम लोग बहुत खुश है उन्होंने प्राप्त राशि का उपयोग घरेलू जरूरतों एवं बच्चों की पढ़ाई में करने की बात कही। ग्राम बागोडार निवासी चित्ररेखा नेताम ने भी महतारी वंदन योजना का आवेदन भरते हुए बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की महिलाओं के लिए यह योजना बहुत ही राहत देने वाली है।

शास्त्री बाजार में रहने वाली अनुराधा समुंद्रे ने बताया कि हर महीने एक हजार रुपए देने वाली राज्य सरकार की यह योजना सराहनीय है। उनकी एक छोटी सी दुकान है और महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि का उपयोग अपनी दुकान में ज्यादा से ज्यादा समान भरने के लिए कर सकेंगी, जिससे कि उनके व्यवसाय को बढ़त मिलेगी। इस राशि से महिलाएं अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बना सकेंगी।

राजीव आवास में रहने वाली कु. त्रिशला बघेल ने बताया कि उन्होंने अपनी बड़ी मां रश्मि सेंद्रे के लिए महतारी वंदन योजना का फॉर्म भरी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की महतारी वंदन योजना उनके लिए मददगार साबित होगी क्योंकि वह इस राशि से सिलाई मशीन खरीदेंगी और अपनी आमदनी बढ़ाएंगी।

**-नूतन सिदार**
**सहायक संचालक**

## केजरीवाल को अब समन पर जाना होगा

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने उनको आठवां समन भेजा है और चार मार्च को पूछताछ के लिए हाजिर होने को कहा है। केजरीवाल इससे पहले सात बार के समन की अनदेखी कर चुके हैं। उन्होंने और उनकी पार्टी ने ईडी के समन को गैरकानूनी बताया है और कई सवाल पूछे हैं। लेकिन सवालों के जवाब देने की बजाय ईडी लगातार समन भेजती जा रही है। ऐसा लग रहा कि यह सब किसी योजना के तहत हो रहा है। पांचवें समन के बाद केजरीवाल इस आधार पर ईडी के समन का विरोध कर रहे हैं कि जब खुद ईडी ने पीएमएलए की विशेष अदालत में शिकायत की है और अदालत में 16 मार्च को इस पर सुनवाई होने वाली है तो उससे पहले समन जारी नहीं होना चाहिए।

दूसरी ओर ईडी का कहना है कि पीएमएलए कोर्ट में उसकी शिकायत पर जो सुनवाई है वह बिल्कुल दूसरे मामले पर है। ईडी ने अदालत में यह याचिका नहीं दी है कि अदालत केजरीवाल को निर्देश दे कि वे ईडी के सामने पेश हों। अदालत में केंद्रीय एजेंसी के समन की अनदेखी से जुड़े बड़े सवालों पर सुनवाई होगी। एजेंसी ने कहा है कि जब मुख्यमंत्री जैसे ऊंचे पद पर बैठे लोग समन की अनदेखी करते हैं तो उसका गलत मैसेज जाता है। ईडी ने यह भी कहा कि केजरीवाल एजेंसी की जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं और उसमें बाधा डाल रहे हैं। दिल्ली की राउज एवेन्यू स्थित पीएमएलए की विशेष अदालत में तो 16 मार्च को सुनवाई होगी लेकिन उससे पहले इन सवालों पर सर्वोच्च अदालत ने ही स्थिति साफ कर दी है। इसलिए विशेष अदालत से कोई राहत हासिल करने की केजरीवाल की उम्मीदें समाप्त हो गई हैं। असल में बिल्कुल ऐसे ही मामले में तमिलनाडु की सरकार सुप्रीम कोर्ट गई थी। केंद्रीय एजेंसियों ने बालू के अवैध खनन से जुड़े मामलों में तमिलनाडु के कुछ जिला कलेक्टरों को समन भेजा था और पूछताछ के लिए बुलाया था।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए
संपर्क करे
Mob.-: 9303289950 7987166110

# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### स्वायल हेल्थ कार्ड योजना से लाभान्वित होंगे जिले के कृषक

**रायगढ़।** केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है स्वायल हेल्थ कार्ड योजना। जिसका मुख्य उद्देश्य जिले के सभी कृषकों को 3 वर्षो में एक बार स्वायल हेल्थ कार्ड उपलब्ध कराकर संतुलित एवं समन्वित उर्वरक उपयोग हेतु प्रोत्साहित करना, मृदा परीक्षण आधारित पोषक तत्व दक्षता को विकसित करना एवं पौधों के पोषण तत्वों के उपयोग के लिए स्वायल हेल्थ कार्ड में दी गई उर्वरक अनुशंसा के साथ मिट्टी की उर्वरता के बारे में कृषकों को समझाईश देना है। उप संचालक कृषि रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना अंतर्गत सभी वर्ग के कृषकों को लाभ प्रदाय किया जाएगा तथा छोटे एवं सीमांत कृषकों को प्राथमिकता दी जाएगी। स्वायल हेल्थ कार्ड योजना अंतर्गत सिंचित क्षेत्र में 2.5 हेक्टेयर एवं असिंचित क्षेत्र में 10 हेक्टेयर क्षेत्र से ग्रिड आधारित मृदा नमूना विश्लेषण कर किसानों को निःशुल्क स्वायल हेल्थ कार्ड दिया जाना है। मिट्टी नमूना परीक्षण कराने हेतु क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर सकते है।

### मुख्य सचिव ने वीसी के माध्यम से नियद नेल्लानार योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए दिए निर्देश

**कांकेर।** मुख्य सचिव अभिताभ जैन ने आज वीडियो क्रॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से बस्तर संभाग के आयुक्त एवं कलेक्टर्स की बैठक लेकर नियद नेल्ला नार योजना के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर अभिजीत सिंह भी वीसी में शामिल हुए। मुख्य सचिव ने कहा कि शासन द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में प्रारंभ होने वाले नए कैम्पों के आसपास के गांवों का चयन कर वहां मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने 'नियद नेल्लानार योजना' शुरू की गई। इस योजना का कांकेर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिले के अंतर्गत नये कैम्पों में क्रियान्वयन किया जाना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए उक्त कैम्पों में प्रशासन का पहुंच आवश्यक है, जिससे सभी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो सके। बैठक में जनसमस्या निवारण शिविरों में प्राप्त आवेदनों और उनके निराकरण की स्थिति की जानकारी प्राप्त की और कहा कि शिविर में आंकड़े नहीं बल्कि हितग्राहियों की संतुष्टि ज्यादा महत्वपूर्ण है।

### थलसेना अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 22 को

**बालोद।** भारतीय थलसेना द्वारा थल सेना अग्निवीर के पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 22 मार्च 2024 निर्धारित की गई है। प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी एस.व्ही. राजौरिया ने बताया कि ईच्छुक उम्मीदवार वेबसाईट जाईन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि थल सेना अग्निवीर की ऑनलाईन भर्ती परीक्षा 22 अप्रैल 2024 के बाद होने की संभावना है। जिसके अंतर्गत जनरल ड्यूटी तकनीकी, ऑफिस असिस्टेंट, ट्रेडमैन, महिला सैन्य पुलिस एवं नियमित कैडर भर्ती धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी तथा हवलदार एस.ए.सी. के पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि अग्निवीर क्लर्क का नाम परिवर्तित कर अब अग्नि अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट कहा जाएगा। ऑनलाईन परीक्षा के समय टाईपिंग टेस्ट उत्तीर्ण करना भी अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि भर्ती की विस्तृत जानकारी सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के दूरभाष क्रमांक 0771-2965212 या 0771-2965213 पर संपर्क कर सकते हैं।

# सीताबाड़ी में खुदाई के दौरान मिला था ढाई हजार साल पुराना कुआं

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राजिम कुंभ कल्प मेला का आयोजन 'रामोत्सव' की थीम पर मनाया जा रहा है। आयोजन को लेकर राजिम सहित आसपास के क्षेत्रों में लाइट से डेकोरेट किया गया है। वहीं राजिम मेला क्षेत्र के पैरी नदी किनारे सीताबाड़ी में लोगों की भीड़ बढ़ रही है। सीताबाड़ी का ऐतिहासिक महत्व है। यहां पुरातत्व विभाग द्वारा पिछले वर्षों में खुदाई की गई थी। खुदाई के दौरान मौर्यकाल तक के अवशेष मिले थे। अवशेष के आधार पर पुरातत्ववेता के अनुसार इस जगह पर किसी समय में बंदरगाह होने की पुष्टि मिलती है। अनुमान लगाया जा रहा है कि इस बंदरगाह से व्यापार किया जाता रहा है।



कुछ वर्ष पहले सीताबाड़ी में पुरातत्व विभाग द्वारा खुदाई की गई थी। खुदाई के दौरान मौर्यकाल तक के अवशेष मिले थे। तात्कालीन सीताबाड़ी खुदाई के प्रभारी रहे डॉ. अरुण शर्मा ने बताया था कि सिरपुर के उत्खनन में करीब 2600 वर्ष पहले के अवशेष प्राप्त हुए थे। लेकिन राजिम में उत्खनन के सबसे नीचे तह में करीब 2800 वर्ष पूर्व निर्मित तराशे हुए पत्थरों से निर्मित दीवारें मिली थी, जिनसे बड़े-बड़े कमरे बनते थे।

ज्ञात हो कि प्राचीन काल नगरीय सभ्यता का विकास नदी के किनारे ही हुआ है और सभ्यताएं यही से निखरी हैं। पहले लोग घुमंतू होते थे और जीवन की तलाश में हमेशा ऐसी जगह को प्राथमिकता देते थे जहां पानी, भोजन की पर्याप्त व्यवस्था हो। इस लिहाज से माना जा सकता है कि महानदी तट पर विकसित सभ्यता के साथ व्यापारिक आदान-प्रदान के लिये उपयोगी जलमार्ग के कारण यहां बंदरगाह के अवशेष पाये जाना तर्क संगत हो सकता है।

वैसे भी राजिम को तेल व्यवसाय का बड़ा और मुख्य केन्द्र माना जाता है। तेल का व्यवसाय करने वाली जाति की आज भी इस क्षेत्र में काफी बाहुल्यता है। राजिम की किंवदंतियों के तेली समाज की अहम भूमिका भी सुनने को मिली है। एक किंवदंतियों यह भी है कि राजिम तेलिन बाई नामक भक्तिन माता के नाम से ही इस शहर का नाम राजिम पड़ा, जो प्राचीन काल में कमलक्षेत्र पद्मावती पुरी के नाम से प्रख्यात था।

आज राजिम प्रदेश के विकसित नगरों में से एक है यहां की प्राचीन धरोहरों के अवशेष राजिम की महानदी घाटी की सभ्यता का सशक्त द्योतक है। जिसकी प्रमाणिकता पर कोई प्रश्नचिन्ह नहीं लगा हुआ है। राजिम के साहित्यकार और भागवताचार्य संत कृष्णारंजन तिवारी ने अपनी किताब महानदी घाटी की सभ्यता में राजिम के विभिन्न बिन्दुओं का तार्किक ढंग से व्याख्या की है जिसमें उन्होंने सिंधु घाटी की सभ्यता की तरह महानदी घाटी की सभ्यता को भी काफी विकसित और समृद्धशाली बताया है। हालांकि इसकी पूर्ण रूप से पुष्टि नहीं किया जा सकता।

चूंकि शासन द्वारा राजिम माघी पुन्नी मेला को कुंभ कल्प का स्वरूप दिया गया है। इससे राजिम की कला, संस्कृति और सभ्यता की ख्याति भी देश-दुनिया तक फैली है। जिसका मुख्य कारण राजिम में आयोजित होने वाला कुंभ कल्प ही है। यह श्रेय भी राजिम कुंभ कल्प को जाता है।

# न्योता भोज से मानसिक और शारीरिक रूप से पुष्ट होंगे स्कूली बच्चे : उप मुख्यमंत्री

### बच्चों को स्नेह से परोसा भोजन, बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर खाया खाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। उप मुख्यमंत्री अरुण साव तथा स्वास्थ्य मंत्री एवं गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल आज पेंड्रा में स्कूली बच्चों के न्योता भोज में शामिल हुए। उन्होंने बड़े स्नेह से बच्चों को भोजन परोसा और उनके साथ जमीन पर बैठकर खाना खाया।



प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पेण्ड्रा में गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिला प्रशासन द्वारा आयोजित न्योता भोज में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक धरमलाल कौशिक, प्रणव कुमार मरपच्ची और किरण सिंह देव ने बच्चों को खीर, पूड़ी, पुलाव, पापड़, सलाद, चटनी और केला परोसा। उन्होने नन्हें बच्चों को अपने हाथों से खाना खिलाया और उनके साथ लाइन में बैठकर भोजन किया। उप मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और विधायकों के साथ जनप्रतिनिधियों ने बच्चों के साथ पौष्टिक और स्वादिष्ट न्योता भोज किया।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने न्योता भोज के दौरान बड़ी आत्मीयता और सहजता से बच्चों से बात की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे देश में न्योता भोज अभियान चलाया है। यह प्रेरणा देने वाली योजना है। इससे बच्चों को सामूहिक रूप से भोजन करने का अवसर मिल रहा है। न्योता भोज में पौष्टिक, स्वादिष्ट एवं गर्म भोजन मिलने से बच्चे मानसिक एवं शारीरिक रूप से पुष्ट होंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस योजना के तहत लोगों और संगठनों से विशेष मौके जैसे राष्ट्रीय पर्व, त्योहार, जन्मदिन या विवाह वर्षगांठ के मौके पर स्कूली बच्चों को भोजन कराने की अपील की है। मुख्यमंत्री की अपील पर पूरे प्रदेश में यह अभियान चल रहा है। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही की कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी, वन मण्डलाधिकारी शशि कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी जे.के. शास्त्री, कन्हैया राठौर, राकेश चतुर्वेदी और लालजी यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक न्योता भोज में शामिल हुए।

# उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान को लेकर बैठक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दंतेवाड़ा।** उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम हेतु जिले को 30000 असाक्षरों का लक्ष्य राज्य कार्यालय द्वारा प्रदान किया गया है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के द्वारा जिले को शत प्रतिशत साक्षर करने के लिए ग्राम पंचायतों के असाक्षरों का चिन्हांकन हेतु भारत सरकार द्वारा तैयार मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाईन-ऑफलाईन सर्वे का कार्य अतिशीघ्र पूर्ण किये जाने के निर्देश दिया गया। प्रत्येक जन चेतना केन्द्र में 10 असाक्षरों को वीटीस (स्वप्रेरक) के माध्यम से पढ़ाया जायेगा। जिले के सभी शैक्षणिक संस्थाएं जन साक्षर केन्द्र होंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कुमार बिश्वरंजन के मार्गदर्शन में जिले में सर्वे कार्य एवं वीटीस का चिन्हांकन कार्य प्रारंभ किया गया है।

जिसके परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी राजकुमार कठौते द्वारा आज जिले के समस्त विकास खण्ड के सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी व नोडल अधिकारी नव साक्षर भारत कार्यक्रम की बैठक आयोजित की गई। जिसमे राज्य कार्यालय द्वारा प्राप्त समस्त निर्देशों की जानकारी दी गई तथा सर्वे कार्य पूर्ण कर कक्षा संचालन करने हेतु निर्देश दिये गये।

जिला परियोजना अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने बताया की इस हेतु राज्य कार्यालय द्वारा उल्लास कार्यक्रम के वेब पोर्टल व उल्लास एप का सर्वे संबंधी एक दिवसीय प्रशिक्षण 23 फरवरी 2024 को राज्य कार्यालय में दिया गया है। जिसमे जिले से एक नोडल अधिकारी एवं एक सहायक ग्रेड 03 का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके है। साथ ही स्त्रोत व्यक्तियों का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन एससीआरटी के राज्य साक्षरता केन्द्र एवं राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में किया गया, यह प्रशिक्षण 26 से 28 फरवरी 2024 तक एससीआरटी शंकर नगर, रायपुर में सम्पन्न हुआ, जिसमे जिले से जिला परियोजना अधिकारी एवं 02 स्त्रोत व्यक्ति प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके है। मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दिया जावेगा जो अपने विकास खण्ड मे वीटीस को साक्षरता कक्षाओं को सफलतापूर्वक संचालन करने हेतु प्रशिक्षित किया जायेगा।

# कलेक्टर ने बघमरा में कृषि कार्य मे नई टेक्नोलॉजी ड्रोन से नैनो डीएपी के छिड़काव के डेमोंस्ट्रेशन का किया अवलोकन

श्रीकंचनपथ न्यूज

बालोद। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम बघमरा में किसान लक्ष्मी नारायण साहू के खेत में कृषि कार्य में नई टेक्नोलॉजी ड्रोन द्वारा नैनो डीएपी एवं यूरिया का छिड़काव के डेमोंस्ट्रेशन कार्य का अवलोकन किया।



इस दौरान ड्रोन के माध्यम से 07 मिनट से कम की अवधि में लगभग 01 एकड़ खेत में नैनो डीएपी एवं यूरिया का छिड़काव किया गया। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने ड्रोन डेमोंस्ट्रेशन को देखकर इसकी सराहना की तथा इसे किसानों के लिए बहुत ही उपयोगी एवं कारगर बताया। चन्द्रवाल ने कहा कि इस नई तकनीक के माध्यम से किसानों की समय एवं श्रम की बचत होगी। उन्होंने कहा कि ड्रोन से खाद एवं कीटनाशक दवाईयों की छिड़काव करने से लागत भी बहुत कम आएगी। मौके पर उपस्थित किसानों ने बहुत ही कम अवधि में ड्रोन द्वारा लगभग 01 एकड़ क्षेत्र की सफलतापूर्वक छिड़काव करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। इन सभी किसानों ने इस नई तकनीक को किसानों के लिए बहुत ही उपयोगी बताते हुए इसे अपने खेतों में उपयोग करने की ईच्छा जताई।

कलेक्टर ने ड्रोन ऑपरेटर कुमारी चित्ररेखा साहू के द्वारा सफलतापूर्वक ड्रोन के संचालन की भी सराहना की। मौके पर उपस्थित कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के बिहान समूह के सदस्य कुमारी चित्ररेखा साहू को इस ड्रोन के संचालन हेतु प्रशिक्षण संस्थान ग्वालियर से प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि ड्रोन ऑपरेटर सुचित्ररेखा साहू द्वारा जिले के कुल 200 स्थानों में इस ड्रोन का डेमोंस्ट्रेशन एवं किसानों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने ड्रोन ऑपरेटर कुमारी चित्ररेखा साहू को ड्रोन संचालन प्रशिक्षण संस्थान ग्वालियर द्वारा प्रदान किए गए ड्रोन संचालन का प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं दी। उप संचालक कृषि जीएस धुर्वे ने बताया कि ड्रोन से छिड़काव सूक्ष्म पोषक तत्व, कीटनाशक आदि का छिड़काव पारंपरिक विधियों की तुलना में अधिक कारगर है। यह ड्रोन लगभग 5 मिनट में 01 एकड़ का छिड़काव कर सकता है।

इसके साथ ही ड्रोन से रसायनों का छिड़काव समान रुप से होता है जिससे फसलों को उर्वरक व दवाई की समान मात्रा मिलती है। इससे फसलों की वृद्धि के साथ समय की बचत होती है। इस दौरान सहायक संचालक एसएन ताम्रकार एवं अन्य अधिकारियों के अलावा कृषकगण उपस्थित थे।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### पल्स पोलियो अभियानः कलेक्टर ने ली जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की अध्यक्षता में पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन एव कियान्वयन के लिए जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर जिला रायपुर द्वारा तैयारियों की समीक्षा करते हुये स्वास्थ्य विभाग जिला शिक्षा विभाग, महिला एवं बालविकास विभाग, पंचायत विभाग, विद्युत विभाग, नगरनिगम के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी विभाग आपसी समन्वय करते हुये पल्स पोलियों अभियान को सफल बनाते हुये शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिला कर, प्रतिरक्षित करने में सहयोग करें। कलेक्टर ने समस्त पालकगणों से अनुरोध करते हुए कहा कि 03 मार्च को अपने 0 से 05 वर्ष तक के आयु समूह के बच्चों को नजदीक के पोलियों बुथ में ले जा कर पोलियों रोधी दवा पिलाते हुये पोलियों संक्रमण से अपने बच्चों को प्रतिरक्षित करें।

उल्लेखनीय है कि विश्व पोलियो उन्मूलन के अंतर्गत जिले में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस का आयोजन 3 मार्च को किया जावेगा जिसमें जिले के समस्त 0 से 05 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाया जायेगा। उक्त बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत विश्वदीप, आयुक्त नगरनिगम अबिनाश मिश्रा, आयुक्त नगरनिगम बीरगांव, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला महिला एवं बालविकास अधिकारी, डॉ सजीव मेश्राम, जिला टीकाकरण अधिकारी, पंचायत विभाग के अधिकारीगण एवं छग राज्य के विद्युत मण्डल के अधिकारीगण उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश चौधरी द्वारा जानकारी दिया गया कि रायपुर जिले में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पल्स पोलियो अभियान के लिये रायपुर जिले को कुल 345705 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। 3 मार्च को बुथ के माध्यम से बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलायी जावेगी इसके लिये रायपुर जिले में कुल 1383 पोलियो बुथ एवं 114 मोबाईल टीम बनाया गया है। प्रत्येक बुथ में चार टीकाकर्मियों की ड्यूटी लगायी गई है, जो कि दो टीमों में बटकर बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलायेंगे एवं प्रत्येक पाँच बुथ में एक-एक सुपरवाईजर की ड्यूटी लगायी गई जो अपने अधिनस्थ टीकाकरण बुथ एवं क्षेत्रों का भ्रमण कर सपोर्टिव सुपरविजन करेंगे।

# संतों के भव्य स्वागत के लिए तैयार हुई कुंभ नगरी राजिम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने राजिम तीर्थ के महत्व को कायम रखते हुए यहां आयोजित होने वाले मेले को कुंभ कल्प का दर्जा दिया है। 5 वर्षों के बाद लौटे राजिम कुंभ कल्प की इस वर्ष भगवान श्रीरामलला की थीम पर आधारित है। कुंभ कल्प को भव्य रूप से मनाया जा रहा है। यहां की व्यवस्था धर्म अध्यात्म एवं नैतिकता के अनुकूल बनाई गई है। 3 मार्च से विराट संत समागम का आयोजन होगा, जिसमें विभिन्न धार्मिक स्थलों से साधु-संत शामिल होंगे। राजिम कुंभ में संतों का आगमन शुरू हो गया है। संतों के स्वागत हेतु कुंभ नगरी राजिम सजकर तैयार है।

राजिम कुंभ कल्प में पहुंचने लगे साधु-संत


राजिम कुंभ कल्प में नागा साधुओं ने निकाली पेशवाई

धर्म स्थल के विशाल वटवृक्ष स्वरूप रेतीले परिसर में संत-समागम स्थल बनाया गया है, जिसमे देश के कोने-कोने से पधारे महामण्डलेश्वर, आचार्य, महंत, संत-महात्माओं के लिए कुटियों का निर्माण किया गया है। जहां संतों की दैनिक गतिविधियां ध्यान, योग, उपदेश, यज्ञ, हवन, पूजा के साथ ही उनके अनुयायियों, दर्शनार्थियों को उपदेशों के द्वारा धर्मभाव से जोड़ने की गतिविधि संचालित होती है। संत-समागम की शासन-प्रशासन द्वारा पूरी तैयारियां कर ली गई है। लोमश ऋषि आश्रम में सिरकट्टी आश्रम, उत्तरप्रदेश, झांसी, गरियाबंद, राजनांदगांव, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, दामाखेड़ा, चण्डी से लगभग 70 संत पहुंचे हैं।

झांसी से पहुंचे भैयादास महंत ने बताया हमें यहां आये लगभग एक सप्ताह हो गये हैं। प्रतिदिन सुबह छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि के लिए यज्ञ कर रहे हैं। राजिम कुंभ कल्प नामकरण की सार्थकता यहां आने के बाद पता चली। पिछले कुछ वर्षों की तुलना में यहां बहुत बदलाव आये हैं और संतों के चरण पड़ने से यह भूमि फिर से पावन तीर्थ बन गई। साधु संतों के सानिध्य में सत्संग से सतव्यवहार की सीख मिलती है और हर मनोविकार दूर होते है। यहां आकर हमें



पूर्ण सुविधा मिल रही है। भगवान श्री राजीव लोचन तथा महादेव कुलेश्वर जी से प्रार्थना है कि यह आयोजन हमेशा होते रहे। संत गणेशदास, ललितानंद, कालीचरण, झड़ीराम, कीर्तन, सोमती बाई दीवान, चरणदास, संग्राम सिंह यादव, हंसाशरण, फुलबाई, बिशाखा, अनुसुईया, सुखदेव शरण ने भी कहा कि किसी भी पवित्र स्थल में साधु-संतो के सेवा सतकार्य सम्मान करने से भगवान का आशीर्वाद मिलता है और उस क्षेत्र का सतत् विकास होता है।

### अलौकिक श्रृंगार के साथ अस्त्र-शस्त्र का किया प्रदर्शन

राजिम कुंभ कल्प मेला में जूना, अग्नि और आह्वान अखाड़ों के नागा संत-सन्यासियों सहित महात्माओं ने भगवान दत्तात्रेय का आह्वान करते हुए पेशवाई निकाली। यह पेशवाई दत्तात्रेय मंदिर से शस्त्र पूजन कर आरंभ किया गया। पेशवाई दत्तात्रेय मंदिर से प्रारंभ होकर सुंदरलाल शर्मा चौक, व्हीआईपी मार्ग, राजिम-नवापारा पुल, इंदिरा मार्केट से मेला मैदान होते हुए संत समागम स्थित अपने पंडाल में पहुंची, जहां विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना कर भगवान दत्तात्रेय को स्थापित किया गया। पेशवाई के दौरान नागा साधुओं ने विभिन्न करतब दिखाते हुए शस्त्र प्रदर्शन किया। उक्त अखाड़ों को देखने एवं नागा-साधुओं का आशीर्वाद प्राप्त करने सड़कों के किनारे श्रध्दालुओं की भीड़ भक्ति भाव व रोमांच के साथ उमड़ पड़ी। राजिम नगर सहित क्षेत्र के आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में दर्शनार्थी उपस्थित होकर इस पेशवाई यात्रा की साक्षी बनते हुए अपने श्रध्दा के फूल समर्पित कर स्वयं को धन्य समझा। पेशवाई यात्रा में विभिन्न अखाड़ों के नागा-साधु, सन्यासियां अपने पारंपरिक आलौकिक श्रृंगार के साथ अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ रहे थे। पेशवाई यात्रा को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे, ताकि व्यवस्था में किसी प्रकार का कोई व्यवधान न पड़े और ना ही आने वाले दर्शनार्थियों व श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधाओं का सामना करने पड़े।

## घुमंतु भिक्षकों को भेजा गया पुनर्वास केंद्र

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में शुक्रवार को समाज कल्याण विभाग और संगी मितान सेवा संस्थान द्वारा घुमंतु भिक्षकों के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया गया। रायपुर रेलवे स्टेशन में तीन भिक्षकों को रेस्क्यू किया गया और उन्हें भिक्षुक पुनर्वास केंद्र मोवा में पुनर्वासित किया गया। रेसक्यू अभियान के दौरान समाज कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक नदीम काजी, उप पुलिस अधीक्षक चंचल तिवारी, संगी मितान सेवा संस्थान भिक्षुक पुनर्वास केंद्र मोवा की ममता शर्मा मौजूद रही।



# कलेक्टर डॉ.गौरव सिंह ने अपनी सुपुत्री के जन्मदिवस के अवसर पर दिया न्योता भोज

- बच्चों ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएं और कहा धन्यवाद
- जिले में अबतक का 40वाँ न्योता भोज
- कलेक्टर ने समाज को न्योता भोज से जुड़ने किया आग्रह

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** इंद्रप्रस्थ कॉलोनी डिपरापारा के शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चों के चेहरे खिल उठे, वे माध्यान्ह भोजन के समय पेस्ट्री, गुलाब जामुन, के साथ पूड़ी-सब्जी जैसे अन्य व्यंजन ग्रहण कर रहे थे। यह अवसर न्योता भोज का था जो कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने अपनी सुपुत्री सुश्री आद्या सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर स्कूली बच्चों को दिया। बच्चों ने सुश्री आद्या को जन्मदिन की बधाईयां प्रेषित की और कलेक्टर को धन्यवाद दिया।

कलेक्टर डॉ सिंह कल दोपहर स्वयं मध्यान्ह भोजन के समय इंद्रप्रस्थ कॉलोनी डिमरापारा के शासकीय प्राथमिक शाला पहुंचे और क्रम से बैठे बच्चों को अपने हाथों से पत्तल की थाली लगाई। इसके बाद हर बच्चों के पास बारी-बारी से जाकर उनकी पसंद पूछकर व्यंजन परोसा। भोजन ग्रहण करने से पहले बच्चों ने हाथ जोड़कर मां अन्नपूर्णा को प्रणाम किया फिर बच्चों ने भोजन ग्रहण किया। कलेक्टर के साथ एसपी संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त अविनाश मिश्रा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप सहित अधिकारीगणों ने बच्चों को भोजन परोसा। साथ ही उन्होंने भी भोजन किया।

कलेक्टर डॉ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप हमारा प्रदेश सुपोषित और विकसित हो इसके लिए प्रदेश के स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के साथ न्योता भोज का आयोजन कर रहे हैं। आज मेरी सुपुत्री का जन्मदिन है इस अवसर पर हमारे द्वारा बच्चों के साथ आज हमने भी न्योता भोज किया है। उन्होंने कहा कि जब बच्चों के पास समाज के विभिन्न वर्गों के लोग आते हैं, तो बहुत ही खुशी होती है। 17 फरवरी को हमने इसकी शुरूवात की थी और अभी तक ये 40वाँ न्योता भोज जिले में हो रहा है। पिछले 10 से 12 दिनों में हर दिन 2 से 3 न्योता भोज के कार्यक्रम हुए और समाज के सभी वर्गों के लोग शामिल हो रहे हैं। उन्होंने शहर वासियों से आग्रह किया कि उनके जीवन में जब भी कोई महत्वपूर्ण तिथि अवसर हो तो उसे स्कूली बच्चों के साथ सेलीब्रेट करें।

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर यह आयोजन किया जा रहा है। सामुदायिक सहयोग से स्कूली बच्चों के खानपान में पोषण आहार की मात्रा बढ़ाने ''न्यौता भोजन'' की अभिनव पहल की जा रही है। इससे बच्चों को अतिरिक्त पोषण की मात्रा मिलेगी और अपनत्व की भावना भी विकसित होगी।

# उभरती हुई संभावनाओं का ज्यादा से ज्यादा उपयोग कर स्वरोजगार की तरफ बढ़ें युवाः वित्त मंत्री ओपी चौधरी

वित्त मंत्री ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में नाबार्ड द्वारा आयोजित तीन दिवसीय तरंग एफपीओ मेला का किया शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में नाबार्ड द्वारा आयोजित तीन दिवसीय एफ्पीओ मेला का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति गिरीश चंदेल तथा नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक ज्ञानेन्द्र मणि भी उपस्थित थे। इस मेले के जरिए प्रदेश भर के किसान अपने उत्पादों के विक्रय तथा विपणन से संबंधित जानकारी हासिल कर सकेंगे और नई तकनीक की जानकारी हासिल कर अपने उत्पादों में वैल्यू एडिशन कर तथा नए एफपीओ बनाकर अपनी वित्तीय स्थिति मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे।

एफपीओ अर्थात किसान उत्पादक संगठन छोटी जोत आधारित कृषि को एक व्यवहारिक कृषि-व्यवसाय में बदलने और विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों की शुद्ध आय बढ़ाने के लिए एक प्रभावी तंत्र के रूप में उभर रहा है। छत्तीसगढ़ में खाद्य उत्पादन के क्षेत्र में 57 एफपीओ खाद्यान्न, फलों, सब्जियों और मसालों के उत्पादन जैसे विभिन्न गतिविधियों में लगे हुए हैं। इन एफपीओ की संख्या और बढ़ायी जा सके तथा इनके जरिए राज्य भर के किसान कृषि को फायदेमंद व्यवसाय बना सकें, इसलिए नाबार्ड द्वारा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय एफपीओ मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें राज्य भर के 46 एफपीओ अपने उत्पादों के साथ हिस्सा ले रहे हैं।

एफपीओ मेला को संबोधित करते हुए ओपी चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राज्य बनाने की बात कही है। यह तभी संभव है जब छत्तीसगढ़ भी विकासशील से विकसित बने। इसके लिए मुख्ययमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने बजट में अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन @2047 की बात कही है जिसे 1 नवंबर 2024 को लांच किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बस्तर एवं सरगुजा जैसे क्षेत्रों मे विकास की काफी संभावनाएं हैं और इसके लिए बजट में डीडीपी अर्थात डीसेंट्रलाइज्ड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमें तकनीक को बढ़ावा देना होगा और इसीलिए इस बजट में तकनीक को बढ़ावा देने के लिए 266 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

ओपी चौधरी ने कहा कि नाबार्ड के सहयोग से एफपीओ का काम बहुत अच्छा चल रहा है और इसके भीतर की असीम संभावनाओं को देखते हुए इसमें मछली पालन को भी शामिल करने की आवश्यकता है। ओपी चौधरी ने कहा कि कृषि आज की आवश्यकता और आजीविका वर्धन का बहुत सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि वह खुद भी एक किसान के रूप में केला, नारियल, कटहल, चीकू और सफेद चंदन की खेती कर रहे है और इसे व्यवसाय के रूप में आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा कृषि की पढ़ाई कर रहे हैं। इन युवाओं को आने वाले समय मे उभरती हुई संभावनाओं का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करना चाहिए ताकि कृषि को तकनीक से जोड़कर राज्य और देश की अर्थव्यवस्था को बेहतर करने के साथ ही रोजगार के नए अवसर भी प्रदान किया जा सके। युवाओं को अपने आत्मविश्वास, ज्ञान और समय के निवेश से स्वरोजगार की ओर बढ़ने का प्रयास करना चाहिए।

ओपी चौधरी ने कहा कि वैज्ञानिक खेती की नई किस्मों की लगातार खोज कर रहे हैं इसके साथ ही शिक्षाविद् भी वर्षों से युवाओं को खेती किसानी के बारे में पढ़ा रहे हैं,ऐसे में इन शिक्षाविदों को भी अपने ज्ञान को खेतों और किसानों तक पहुंचाना चाहिए ताकि कृषि को व्यवसायिक रूप देने में आसानी हो सके और किसानों को भी ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में 10 हजार एफपीओ के गठन और संवर्धन पर केंद्रीय क्षेत्र योजना (सीएसएस) की घोषणा की है। नाबार्ड इसके कार्यान्वयन एजेंसियों में से एक है। एफ्पीओ के उत्पाद कम समय में दूर तक पहुंच सके, शहरी खरीददारों को कृषक समुदाय के करीब लाया जा सके इसके लिए इन्हें आनलाइन विक्रय एजेंसियों से भी जोड़ा गया है।

# शुरू हुई बोर्ड परीक्षा, शिक्षा सचिव ने किया केंद्र का निरिक्षण



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बारहवी बोर्ड परीक्षा के पहले दिन स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी द्वारा परीक्षा केन्द्र क्रमशः स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आरडी तिवारी, आमापारा रायपुर एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय माधव राव सप्रे शाला का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। परीक्षा केन्द्र आरडी तिवारी में कुल 94 छात्र-छात्राएं पंजीकृत है, जिसमें 01 छात्र अनुपस्थित पाया गया। इसी तरह माधव राव सप्रे शाला में कुल 160 छात्र पंजीकृत है, जिसमें से 7 छात्र अनुपस्थित पाये गये। अनुपस्थित छात्र-छात्राओं के कारणों के संबंध में परीक्षा केन्द्राध्यक्ष से जानकारी ली गई तथा केन्द्राध्यक्षों को सुचारू रूप से परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान शिक्षा सचिव के साथ जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय भी उपस्थित थे।

छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल बोर्ड परीक्षाएं दिनांक 1 से 23 मार्च तक आयोजित की जा रही है। रायपुर जिले में 150 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। कक्षा दसवी में कुल दर्ज संख्या 18525 एवं बारहवी में कुल 13122 विद्यार्थी पंजीकृत है। गौरतलब है कि परीक्षाओं की सतत निगरानी हेतु कलेक्टर रायपुर डॉ. गौरव सिंह द्वारा जिला स्तर एवं विकासखंड स्तर पर उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। जिला स्तर पर 07 दल का गठन किया गया है एवं प्रत्येक विकासखंड स्तर पर 1-1 उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# निक्की तंबोली की लेटेस्ट हॉट लुक्स से इंटरनेट पर मची सनसनी

## किलर अवतार देख फैंस एक बार फिर हैरान



**बिग बॉस फेम निक्की तंबोली आए दिन अपने बोल्ड लुक्स के कारण चर्चाओं में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी खूबसूरती पर अक्सर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट हॉट लुक्स से इंटरनेट पर सनसनी मचा दी है। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस का एक बार फिर दिल मचल गया है। अपने चुलबुले अंदाज से बिग बॉस में लोगों का दिल जीतने वाली एक्ट्रेस निक्की तंबोली आए दिन सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड फोटोज शेयर करती रहती हैं।**

हाल ही में एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की है। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर हैरान हो गए हैं। निक्की तंबोली ने अपनी इन फोटोज में बेहद ही स्टाइलिश ब्लैक कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद खूबसूरत और ग्लैमरस नजर आ रही हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस निक्की तंबोली अपने बोल्ड लुक्स से फैंस को इस कदर कायल कर देती हैं कि उनकी हर फोटोज फैंस के बीच ट्रेंड करने लगती हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं निक्की तंबोली ने कैमरे के सामने अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करते हुए एक से बढ़कर एक किलर पोज देते हुए हॉट फोटोशूट करवाया है। बालों को ओपन वेवी कर्ल में स्टाइल कर के और साथ ही लाइट मेकअप के साथ एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

निक्की तंबोली ने इन फोटोज को पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा है- ऐसी उलझी नजर उनसे हटती नहीं। इस फोटो कैप्शन को पढ़ने के बाद लोगों ने अपनी प्रतिक्रियाएं देना शुरू कर दिया है। एक यूजर ने लिखा है- आखिर कौन है वो जिससे आपकी नजर नहीं हट रही हैं। वहीं दूसरे यूजर ने कहा- लुकिंग गॉर्जियस। फिर अन्य यूजर ने लिखा- हॉटनेस ओवरलोडेड।



# सही तरह करें प्रेगनेंसी प्लान, मां और बच्चा दोनों रहेंगे हेल्दी, जानें क्या कहते हैं एक्सपर्ट

**शादी के बाद पैरेंट्स बनना हर कपल का सपना होता है। हर कोई चाहता है कि उनका बच्चा हेल्दी पैदा हो और उनकी बेहतर परवरिश करें। इसी वजह से शादी के बाद ज्यादातर कपल्स प्रेगनेंसी प्लान करने लगते हैं। यह जरूरी भी है, क्योंकि प्रेगनेंसी प्लान न होने से हमारे देश में बहुत से बच्चे जन्मजात बीमारियां लेकर आ रहे हैं। ऐसे में डॉक्टर का कहना है कि अगर गर्भधारण यानी प्रेगनेंसी से पहले सही तरह से पूरी प्लानिंग की जाए तो मां और बच्चे दोनों के लिए बेस्ट होगा।**

### क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स

प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों का कहना है कि विदेशों में जितनी भी डिलीवरी होती है, उसकी प्रॉपर काउंसलिंग की जाती है। जिसका रिजल्ट भी बेहत आता है। मां और बच्चा दोनों ही हेल्दी होते हैं। लेकिन अगर बात भारत की करें तो यहां जब प्रेगनेंसी का पता चलता है तो उसके बाद विशेषज्ञ को दिखाया जाता है। कई बार तो इसमें काफी लेट भी कर दिया जाता है, जिससे मां और बच्चे दोनों के लिए कई दिक्कतें होती हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर फ्यूचर के किसी काम को अगर प्लानिंग के साथ किया जाए तो वह अच्छा होता है। इसलिए शादी के बाद ही अगर महिला विशेषज्ञ की काउंसलिंग लेकर बच्चे की प्लानिंग करें तो मां और बच्चे की सेहत के लिए अच्छा रहता है।

### प्रेगनेंसी प्लानिंग क्यों जरूरी

डॉक्टर का कहना है कि जिस तरह से आजकल खानपान और लाइफस्टाइल बदल रही है उससे कई तरह की बीमारियां देखने को मिल रही हैं। इनमें ब्लड प्रेशर, थाइरॉइड या ब्लड शुगर जैसी समस्याएं शामिल हैं, जो किसी भी प्रेगनेंट महिला के लिए गंभीर हो सकते हैं। इसके अलावा महिलाओं में कई अन्य बीमारियां भी देखने को मिलती हैं। अगर इस तरह की किसी समस्या में डिलीवरी होती है तो बच्चे को बीमारियां लगनी स्वाभाविक हो सकती है।

### क्या करना चाहिए

डॉक्टर के मुताबिक, अगर महिला को प्रेगनेंसी से पहले किसी तरह की समस्या है तो उन्हें प्रसूति और स्त्री रोग विभाग की किसी एक्सपर्ट से संपर्क करना चाहिए। उनकी मदद से उस बीमारी को कंट्रोल कर सकतीहैं। एक्सपर्ट्स की देखरेख में संतुलित दवाईयां और इलाज कई समस्याओं को कम किया जा सकता है। उनका कहना है कि जब गर्भवती होने के बाद किसी महिला को इसका पता चलता है, तब तक बच्चे के दिमाग से जुड़े काफी विकास हो चुके होते हैं। किसी महिला के लिए प्रेगनेंसी के तीन से चार हफ्ते काफी अहम होते हैं। ऐसे में विशेष सावधानी रखनी चाहिए, वरना समस्याएं बढ़ सकती हैं। इसलिए एक्सपर्ट्स की देखरेख में सही काउंसलिंग जरूरी हो जाती है।

# प्रभास की हॉरर फिल्म द राजा साब होगी बेहद खास, निर्माता ने किए कई दिलचस्प खुलासे




दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता प्रभास को पिछली बार सालार- सीजफायर पार्ट-1 में देखा गया था। इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था। अब प्रभास हॉरर फिल्म राजा साब में नजर आएंगे। प्रसिद्ध निर्देशक मारुथि फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं और उन्होंने ही इसकी कहानी भी लिखी है। टी जी विश्व प्रसाद इस फिल्म के निर्माता हैं। हाल ही में उन्होंने फिल्म से जुड़े कई दिलचस्प खुलासे किए।

निर्माता ने बताया कि वह काफी भव्य स्तर पर इस फिल्म को बना रहे हैं, जिसे देख दर्शक चौंक जाएंगे।प्रसाद ने बताया कि फिल्म की 40-45 फीसदी शूटिंग पूरी हो गई है।फिल्म में वीएफएक्स पर बात करते हुए निर्माता ने खुलासा किया कि राजा साब में कमाल के विजुअल देखने को मिलेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह वीएफएक्स को लेकर काफी ज्यादा सावधानी रख रहे हैं। मकर संक्राति के खास मौके पर निर्माताओं ने द राजा साब का पहला पोस्टर जारी किया था, जिसके बाद से प्रशंसक फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सामने आए पोस्टर में शर्ट और लुंगी पहने नजर आए थे। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता थमन एस इस फिल्म का संगीत देने वाले हैं।

# वरुण धवन और जाह्नवी कपूर फिर आए साथ 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में बनी जोड़ी



पिछले काफी समय से खबरें आ रही थीं कि जाह्नवी कपूर और वरुण धवन एक फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं। बीते दिन खुद धर्मा प्रोडक्शन एक वीडियो साझा कर लव स्टोरी की ओर इशारा किया था और अब आखिरकार उन्होंने अपनी इस फिल्म का ऐलान कर दिया है। फिल्म का नाम है 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' फिल्म का निर्देशन शशांक खैतान कर रहे हैं।

धर्मा प्रोडक्शंस ने सोशल मीडिया पर फिल्म का टीजर साझा किया। नाम के साथ-साथ इसकी रिलीज तारीख की घोषणा भी कर दी गई है। पोस्ट में लिखा है, आपका सनी संस्कारी अपनी तुलसी कुमारी को पाने की राह पर है। मनोरंजन से भरपूर यह प्रेम कहानी बड़े पर्दे पर आ रही है। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। बता दें कि वरुण और जाह्नवी पिछली बार फिल्म बवाल में साथ दिखे थे।

वरुण को करण फिल्म स्टूडेंड ऑफ द ईयर से बॉलीवुड में लाए थे। दोनों हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया, बद्रीनाथ की दुल्हनिया, कलंक जैसी फिल्मों के लिए भी साथ आए। उन्होंने आखिकरी बार जुग जुग जियो में साथ काम किया था। उधर जाह्नवी को करण ने धड़क से बॉलीवुड के दर्शन कराए थे।



# अंजलि तत्रारी को वंशज में अपना नया लुक पसंद आया

**शो वंशज में युविका की सरल भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अंजलि तत्रारी अब शो में बोल्ड अवतार में दिख रहीं हैं। शो में एक साल के लीप और अपने किरदार युविका की चौंकाने वाली मौत के बाद अंजलि ने युविका की हमशक्ल युक्ति मुल्तानी के किरदार में अपनी नई यात्रा शुरू की है।**

शो में पहले युविका के रूप में अंजलि को एक साधारण अवतार में देखा गया था, जिसमें वह भारतीय परिधान पहनती थीं, लेकिन अब वह इसके विपरीत बोल्ड अवतार में नजर आ रही हैं। वह अब ब्लेजर और कई तरह की एलीगेंट ड्रेस में नजर आती हैं।

अपने नए लुक को लेकर अंजलि ने कहा, युक्ति का किरदार निभाना मेरे लिए एक बड़ा बदलाव है। मैं इसको लेकर बेहद उत्साहित हूं। युक्ति के रूप में मेरा नया लुक युविका से बिल्कुल अलग है। युविका का किरदार बेहद साधारण था। मगर युक्ति शो में बोल्ड अंदाज में दिख रही है। वह ट्रेंडी आउटफिट पहन रही है।

उन्होंने कहा, एक कलाकार के रुप में अलग-अलग लुक को अपनाना अविश्वसनीय रूप से रोमांचक है। मुझे इसका हर हिस्सा पसंद आ रहा है। युक्ति का स्वैग और बॉस लेडी वाइब कुछ ऐसी चीजें हैं, जिन्हें चित्रित करने में मुझे मजा आ रहा है। वंशज सोनी सब पर प्रसारित होता है।

# ज्यादा चाय पीने से भी वजन बढ़ सकता है जानें न्यूट्रीशियन क्या कहते हैं



भारतीय को चाय बहुत ज्यादा पसंद होती है। इसे आप मॉर्निंग ड्रिंक कह सकते हैं। क्योंकि यहां दिन की शुरुआत एक अच्छी सी चाय के साथ की जाती है। हम में से ज्यादातर लोग चाय के साथ अपनी दिन की शुरुआती करते हैं। लेकिन कुछ लोग ऐसे हैं जो पूरे दिन चाय पीते रहते हैं। कुछ तो पूरे दिन में 4-5 कप चाय तो वहीं कुछ लोग इससे भी ज्यादा चाय पीते हैं। फिटनेस लवर्स अक्सर चाय पीने से मना करते हैं। खासकर जो व्यक्ति अपना वजन कम करना चाहते हैं उन्हें तो साफ मना किया जाता है कि वह चाय न पिएं। लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या सच में चाय पीने से वजन बढ़ता है

### चाय पीने से वजन बढ़ता है

जिस तरह से हम भारतीय चाय पीते हैं ढेर सारा दूध और चीन-चायपत्ती डालकर। इस स्थिति में चाय पीने से वजन बढ़ता है। रिफाइंड में शुगर में कैलोरी की मात्रा काफी ज्यादा होती है। आजकल मार्केट में कई तरह के दूध होते हैं। जैसे- लो-फैट मिल्क, टोंड मिल्क, पाश्चराइज्ड मिल्क आदि।

आजकल हम जिस दूध का इस्तेमाल करते हैं उसमें पोषक तत्व नाममात्र के होते हैं लेकिन फैट काफी ज्यादा होता है। गर ज्यादा फैट वाला दूध खाते हैं तो शरीर में चर्बी और वजन दोनों बढ़ जाता है। अगर कोई व्यक्ति रोजाना 2-3 कप चाय पी रहा है तो उसका वजन बढ़ जाएगा।

### क्या चाय नहीं पीना चाहिए

चाय पीने में कोई दिक्कत नहीं है लेकिन एक सीमित मात्रा में ही पीनी चाहिए। इससे वजन पर काफी खतरनाक असर पड़ता है। शरीर का हेल्दी वजन हमेशा मेंटेन में रखें।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरल उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### कलेक्टर ने सड़क निर्माण का किया निरीक्षण, सड़क की गुणवत्ता को बारीकी से परखा

**सुकमा।** कलेक्टर हरिस.एस ने गुरूवार को छिंदगढ़ ब्लॉक में चल रहे, सड़क निर्माण और पुल-पुलिया निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। जिसके तहत ग्राम डोलेरास और पेंदलनार में डामरीकरण कार्य, बोकड़ाओडार में सीसी सड़क सहित ग्राम तरईटिकरा, मिसीपारा, कुन्ना डब्बा, मिचवार, गरीपाल और गोरली का निरीक्षण किया। जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत सड़क बनायी जा रही। छिंदगढ़ ब्लॉक में चल रहे सड़क निर्माण और पुल-पुलिया का निरीक्षण कलेक्टर हरिस.एस ने किया। इस दौरान सड़क की गुणवत्ता को बारीकी से परखा। कलेक्टर ने अधिकारियों से सड़क निर्माण में आने वाली लागत, इन सड़कों में बनने वाले पुल-पुलियों की संख्या, आदि के बारे में जानकारी ली। बनी सड़क की खोदकर गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने इन कार्यों को तेजी के साथ गुणवत्ता पूर्वक बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने कहा कि कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। सुदुर वनांचल के निवासी जो सड़क की समस्या से जूझ रहे थे, अब सड़क बनकर जल्द तैयार होने से ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। साथ ही जिला प्रशासन के प्रयासों से स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ-साथ अन्य विभागों के तहत अन्य बुनियादी सुविधायें गांवों तक पहुंचाई जा रही है। इस दौरान कार्यपालन अभियंता अनिल राठौर सहित अन्य उपस्थित थे।

### श्रमिकों के मेधावी बच्चों को मिली 11 करोड़ 32 लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग के हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु छत्तीसगढ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों के लिए संचालित मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना और मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना में 11 करोड़ 32 लाख 64 हजार 807 रूपए की प्रोत्साहन राशि दी गई है। मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना में हितग्राही के प्रथम दो बच्चों को कक्षा पहली से उच्च कक्षाओं के लिए एक हजार से दस हजार रूपये राशि दिये जाने का प्रावधान है। इस योजना में वर्तमान वित्तीय वर्ष में 45032 हितग्राहियों को कुल 9,66,49,760 राशि प्रदान किया गया। इसी प्रकार हितग्राही के प्रथम दो बच्चों हेतु संचालित मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना में कक्षा दसवी से उच्च कक्षाओं में 75 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पांच हजार से एक लाख रूपये राशि दिये जाने का प्रावधान है। इस योजना में 1114 हितग्राहियों को कुल एक करोड़ 66 लाख 15,047 राशि प्रदाय किया गया।

### आधार सीडिंग के लिए 3 मार्च रविवार अवकाश के दिन भी खुले रहेंगे जिले के सभी बैंक


**रायगढ़।** महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं का बैंक खाता आधार लिंक व डीबीटी सक्रिय करने के उद्देश्य कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में रविवार 3 मार्च अवकाश के दिन भी जिले के सभी बैंक खुले रहेंगे। उक्त दिवस में जिले के सभी बैंक शाखाओं में केवल महतारी वंदन योजना अंतर्गत महिलाओं के बैंक खाते से आधार लिंक एवं डीबीटी सक्रिय कराये जाने का कार्य संपादित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन की कार्यवाही की जा रही है। इस योजना के तहत पात्र 21 वर्ष से अधिक विवाहित महिला महिला, त्यागशुदा महिला, परित्यक्ता महिला को प्रतिमाह एक हजार रूपये की राशि उनके आधा लिंक खातें में डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाना है।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने जल जीवन मिशन के कार्यों को मिशन मोड में पूर्ण करने के दिए निर्देश

## गर्मियों में पेयजल व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश, मरम्मत और रखरखाव का काम त्वरित हो

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर राज्य में जल जीवन मिशन का काम मिशन मोड में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आज रायपुर के सिविल लाइन स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में सभी अधीक्षण अभियंताओं और कार्यपालन अभियंताओं को उप संभागीय स्तर तक फील्ड में उतरकर प्रगतिरत कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर उन्हें शीघ्र पूर्ण कराने को कहा।**



श्री साव ने गर्मियों में सभी जिलों में पेयजल की व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल की निर्बाध आपूर्ति के लिए हैंडपंपों एवं नल जल योजनाओं में खराबी आने पर तत्काल मरम्मत और रखरखाव कर सुचारू व्यवस्था बनाने को कहा।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगले दो महीनों में जल जीवन मिशन का काम मिशन मोड में पूर्ण करते हुए ज्यादा से ज्यादा गांवों में हर घर में नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित करना है। इसमें किसी तरह की लापरवाही या ढिलाई नहीं करना है। गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखते हुए कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करना है।

उन्होंने मैदानी अधिकारियों को फील्ड का नियमित दौरा कर प्रगतिरत कार्यों को जल्द पूर्ण कराने को कहा। उन्होंने सभी अधीक्षण अभियंताओं को विभाग के उप संभागीय कार्यालयों द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी निगरानी फील्ड में जाकर करने के निर्देश दिए। उन्होंने फील्ड स्तर या प्रशासनिक स्तर पर आ रही समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए काम को आगे बढ़ाने को कहा। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने गर्मियों में सभी गांवों में पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने हैंडपंपों और नल जल योजनाओं की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए जरूरी सभी सामग्रियों की व्यवस्था अग्रिम रूप से कर लेने को कहा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता डॉ. एम.एल. अग्रवाल ने बैठक में बताया की आसन्न गर्मी के मौसम को देखते हुए नल जल योजनाओं एवं हैंडपंपों की मरम्मत और रखरखाव के लिए आगामी जून माह तक की जरूरत के मुताबिक आवश्यक सामग्रियों की खरीदी कर सभी जिलों में भिजवा दिया गया है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के रायपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता राजेश गुप्ता, अधीक्षण अभियंता समीर गौर, बिलासपुर परिक्षेत्र के प्रभारी मुख्य अभियंता संजय सिंह, अंबिकापुर के अधीक्षण अभियंता भीम सिंह, दुर्ग के अधीक्षण अभियंता संजीव बिजपुरिया, जगदलपुर के अधीक्षण अभियंता एस.एन. चंद्रा और कोंडागांव के अधीक्षण अभियंता एस.एन. पाण्डेय भी बैठक में मौजूद थे।

## प्राकृतिक खेती के जरिए सफलता की नई कहानी लिख रहे महिला किसान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दंतेवाड़ा।** प्रकृति की गोद में बसा जिला दंतेवाड़ा में प्राकृतिक रूप से खेती का प्रचलन रहा है जिला अंतर्गत वर्तमान में कृषकों के द्वारा छिड़काव विधि से खेती की जाती है। किन्तु पिछले कुछ समय से कई क्षेत्रों में कृषकों द्वारा कुछ रासायनिक खादों का भी उपयोग देखा जा रहा है। रासायनिक खाद के उपयोग के दुष्परिणामों के प्रभावों को रोकने एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए जिला अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, बिहान अंतर्गत पिछले 04 वर्षों से मिशन की महिला किसानों को वैज्ञानिक विधि से खेती के गुण सिखाये जा रहें है इसी तारतम्य में जिले के समुदाय आधारित संहवनीय कृषि उप योजना से जुड़े 03 विकासखंड दंतेवाड़ा, गीदम व कुआकोंडा में कार्यरत 80 से अधिक कृषि मित्रों को प्राकृतिक खेती के संबंध में कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, केवीके, एवं बिहान योजना के मास्टर प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

जिला मिशन प्रबंधन इकाई से आजीविका टीम ने बताया कि रासायनिक खाद के उपयोग से उपजे सब्जियों के सेवन से मानव शरीर में बहुत से दुष्प्रभाव पड़ते हैं चूंकि जिला दंतेवाड़ा पूर्ण रूप से जैविक जिला बनने की ओर अग्रसर है मिशन अंतर्गत यह प्रयास किया जा रहा है कि जिले के प्रत्येक महिला किसान प्राकृतिक खेती को अपनाये इसके साथ ही उक्त प्रशिक्षण में मृदा प्रबंधन पर भी जानकारी दिया जा रहा है जिससे किसान अपने मिटटी की उर्वरता को और बढ़ायें और अपने फसल से अच्छी उपज लेकर अपनी आय में वृद्वि करें। प्राकृतिक खेती आज बदलते वक्त की मांग है. यही कारण है कि प्राकृतिक खेती करने वाले किसान सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं और अपने आस-पास के किसानों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गए हैं।

## जिले में सर्व सुविधायुक्त पालना घर ने लिया आकार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** कामकाजी महिलाओं के सामने हमेशा इस बात की चुनौती रहती है की जब वे ऑफिस जाए तो बच्चों की देखभाल कौन करेगा। वे अक्सर तनाव में रहती है, लेकिन काम और बच्चों की देखभाल दोनों को ही पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाना चाहती है। कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने इस समस्या के समाधान के लिए विशेष रुचि दिखाई और जिला मुख्यालय में जिले का पहला सर्वसुविधायुक्त पालना घर स्थापित किया। जिसका संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसे छत्तीसगढ़ी में मोर दाई के कोरा का नाम दिया गया है।




नाम के अनुरूप अब बच्चे यहां घर जैसा माहौल और ममता पाकर बेहद खुश और आनंदित है। बच्चों की खुशी देखकर पालक भी खुश और संतुष्ट है। फिलहाल पालना घर में बच्चों का आना जारी है, धीरे धीरे बच्चो की संख्या बढ़ रही है। जिला कार्यालय में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर श्रीमती मिषा कोसले का 2 साल का बेटा पालना घर में दिन भर रहता है। इसी तरह फुड इंस्पेक्टर अंजना का बेटा और अन्य अधिकारियों के बच्चे भी यहां रहते हैं। डिप्टी कलेक्टर श्रीमती मिषा कोसले ने कहा कि बड़े शहरों में भी इस तरह की सुविधा उपलब्ध नहीं है। बच्चे यहां खुश हैं यही पेरेंट्स की सबसे बड़ी उपलब्धि हैं। यहां सारी सुविधाएं हैं और सीसीटीवी कैमरे से निगरानी भी हो रही है। इसी तरह फूड इंस्पेक्टर अंजना ने कहा कि सबसे अच्छी बात यहां की सुविधा और सुरक्षा है हम पूरी चिंता मुक्त होकर अपना कार्य कर रहे हैं। पालना घर का संचालन कार्यालयीन समय सुबह 10:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक किया जा रहा है। उल्लेखनीय है की कलेक्टर श्री मलिक के पहल पर जिले का पहला सर्व सुविधायुक्त पालना घर तैयार किया गया है। विभिन्न रंगों से पुताई और चित्रांकन से पालना घर आकर्षक लग रहा है। यहां सभी वातानुकूलित कमरे और हॉल है। कुल तीन एसी लगे हैं। साथ ही 6 सीसीटीवी कैमरा से कमरों सहित कैंपस की निगरानी की जा रही है। यहां दो कक्ष बनाए गए हैं जिसमें एक दुलार कक्ष है जहां सुरक्षित स्तनपान कराया जा सकता है। वही एक स्वप्न लोक जहां पांच बिस्तरों वाला कमरा है जहां बच्चे आराम कर सकते हैं। पालना घर की मार्गदर्शिका प्रीति साहू ने बताया कि बच्चे बहुत ही खुशी और आनंद के साथ रहते हैं। पालना घर में बच्चों के खेलने के लिए आवश्यक खिलौना, झूला, शैक्षणिक सामग्री और अन्य सीखने योग्य सामग्री मौजूद है। हाल के चारों तरफ हिंदी और अंग्रेजी में सुंदर अक्षरों में वर्णमाला और गिनती लिखे हुए हैं। जिससे बच्चे सीख सकते हैं। वहीं बच्चों की आवश्यकता के अनुरूप फ्रिज सहित सुविधायुक्त किचन बनाया गया है, वॉशरूम में भी सभी सुविधाएं मौजूद हैं। इसके अलावा बर्तन तथा अन्य जरूरी चीजें रखी गई है।

## आदिवासी अंचलों में सिंचाई सुविधाओं का अभाव - रघु ठाकुर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक रघु ठाकुर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि छग के आदिवासी अंचलों में सिंचाई सुविधाओं का अभाव है। इसलिए आदिवासी एक फसल लेने के लचार है। पिछले 4 दशको में बांध के पानी को नहर तक पहुंचाने का प्रबंध सरकार ने नही किया। अनेकों बांधों में पानी भरा रहता है। किंतु पानी खेत नही पहुंचता। आदिवासी अंचलों में रकबा प्रति व्यक्ति बहुत कम है। उसमें में अपासी के अभाव में खेत सूखे पड़े रहते है। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी ने सरकार से मांग की है कि जहां बांध बना है वहां बांध के पानी को सिमित द्वारा खेतों तक पहुंचा जाये।

सरकारी खरीद में धान का समर्थन मिल किसानों को मिल पाता किंतु बाजारी खरीदी में नही मिल पाता, बाजार की ताकत मनमानी दर पर किसानों का धान खरीदीती है। पार्टी सरकार से मांग करती है कि बाजार के भी फसल समर्थन मूल्य पर खरीदा जाये या अधिसूचित करे। चुनाव के पूर्व बेला में पिछले लगभग 10 जगहों से प्रधानमंत्री जी प्रतिदिन सैकड़ों करोड़ों का उद्घाटन करने का घोषणा कर रहे है।

और राज्यों में जाकर या दिल्ली में विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किए जा रहे है अब स्थिति यह हो गई कि छोटे छोटे स्टेशनों में पुन: निर्माण एवं छोटी अन्य योजनाओं तक का उद्घाटन प्रधानमंत्री जी कर रहे है इस प्रकार व्यक्ति केन्द्रीकरण और राज्य के निर्वाचित जनों की उपेक्षा कई प्रकार के प्रश्न खड़ा करती है। यह संविधान के संघी ढ़ाचे की कल्पना के खिलाफ है। और अलोकतांत्रिक भी है। ऐसे समाचार आए हुए है यूक्रेन के युद्ध में रूस की सेना यूक्रेन पर हमलावर सेना ने भारतीय नागरिकों को रज्जो रोजगार की तलाश में गए है। अब भाग गए थे सभी सेनाओं का सैनिक बनाकर भेजा जा रहा है। दूसरों मुल्कों की लड़ाई के लिए भारतीयों का प्रयोग चिंताजनक है। भारतीय में बेरोजागारी का यह चिंताजनक सीमा तक बढने का प्रमाण है। भारत सरकार को राजनायिक स्तर पर बात कर इस स्तर की गतिविधियों को रोकना चाहिए।

## विज्ञान मेला में अंधविश्वास के विरुद्ध जिले की छात्राओं ने प्रस्तुत किया विज्ञान नाटक

श्रीकंचनपथ न्यूज


**गरियाबंद।** एससीईआरटी रायपुर द्वारा संचालित राज्य स्तर विज्ञान प्रदर्शनी/पश्चिम भारत विज्ञान मेला/विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता के अंतर्गत जोन स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी मेला का आयोजन सीटीई रायपुर में किया गया जिसमें गरियाबंद जिले से सेजेस राजिम के छात्र छात्राओं ने मॉडल एवं विज्ञान नाटिका का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि एससीईआरटी और राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के संचालक राजेन्द्र कुमार कटारा द्वारा किया गया तथा विशेष अतिथि के रूप में प्राचार्य सीटीई, विज्ञान प्रभारी एससीईआरटी उपस्थित रहे। मार्गदर्शक शिक्षिका समीक्षा गायकवाड़ ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें स्वामी आत्मानंद राजिम से तीन विज्ञान मॉडल तथा एक विज्ञान नाटिका प्रस्तुत की गई।विज्ञान नाटिका मुख्य कथानक 'मानव जाति कल्याण के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी' उप कथानक 'समाज में अंधविश्वास' थीम पर ' टोनही - बाबा और सच 'नाटिका आठ छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गई।बालिकाओं ने अभिनय के साथ साथ अंधविश्वास के पीछे छिपे विज्ञान और रासायनिक क्रियाओं का भी प्रदर्शन किया विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में कक्षा आठवीं के अनुष्का गुप्ता देवप्रिया साहू ,भूमिका सोनकर, दीक्षा तारक, माही सोनी,लक्ष्मी वर्मा, लक्ष्मण पटेल, ऋषभ सेन,रूपेश देवांगन ने भाग लिया।

## हितग्राही मूलक योजनाओं में एकीकृत कृषि करने वाले कृषकों को दे प्राथमिकता-कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कृषि, उद्यानिकी, मछली पालन एवं पशुपालन विभाग की संयुक्त बैठक लेकर विभागीय कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर गोयल ने सभी विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि आपके विभागों में हितग्राही मूलक योजना का संचालन किया जा रहा है। अत: सभी विभाग संयुक्त रुप से एकीकृत कृषि करने वाले हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं में प्राथमिकता दें। जिससे किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे।



कलेक्टर गोयल ने सभी विभागों से हितग्राही चयन में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। जिससे सभी विभाग संबंधित हितग्राही को विभागीय योजनाओ का लाभ प्रदान कर सके। उन्होंने पशुपालन विभाग को निर्देशित किया कि मछली पालन करने वाले हितग्राही को बैकयार्ड कुटकुट पालन योजना में प्राथमिकता प्रदान करें। जिससे नेचुरल फॉर्मिंग इंटीग्रेटेड हो सके। इसी तरह उन्होंने कृषि विभाग को ऐसे हितग्राही को विभागीय योजनाओं में सम्मिलित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर गोयल ने कृषि विभाग की कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कृषि विभाग से फसल क्षेत्राच्छादन की जानकारी लेते हुए दलहन के क्षेत्र विस्तार के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की शेष ई-केवाईसी एवं आधार सीडिंग में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने लैंड सीडिंग में लैलूंगा एवं खरसिया में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्राप्त किसानों को विभागीय योजना से लाभान्वित करने तथा फसल विविधता के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने मछली पालन एवं पशुपालन विभाग के कार्यों की प्रगति समीक्षा। उन्होंने मछली पालन के लिए आदिवासी क्षेत्रों में मत्स्य संचयन के निर्देश दिए। उन्होंने बिरहोर ग्राम के तालाबों के समिति बनाने के निर्देश दिए। जिससे उनके खानपान में शामिल होने के साथ ही उनके आय के साधन निर्मित हो सके। इस दौरान कलेक्टर गोयल द्वारा जिले में कुल मत्स्य संचयन की जानकारी लेने पर विभागीय अधिकारी ने बताया कि जिले में एक हेचरी, चार संवर्धन प्रक्षेत्र, 28 पोखर है।

इस दौरान उन्होंने पशु पालन विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने विभाग से पशु पालकों के केसीसी के संबंध में जानकारी लेते हुए आवेदनों के अपात्र होने के कारणों की जानकारी लेने तथा आवेदनों का पुन: परीक्षण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैंक में पेंडिंग आवेदनों के फालोअप करने के निर्देश दिए। इस दौरान विभागीय अधिकारी ने बैकयार्ड कुटकुट पालन, शत-प्रतिशत अनुदान सांड, बकरा वितरण योजना, सुकरत्रयी इकाई वितरण उन्नत मादा वात्स्य पालन योजना राज्य डेयरी योजना के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ऋषा ठाकुर, उप संचालक कृषि अनिल वर्मा, सहायक संचालक मछली पालन एम.के.पाटले, सहायक संचालक उद्यानिकी डॉ.कमलेश दीवान, उप संचालक पशुपालन डॉ.जे. एल.कुशवाहा सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर गोयल ने उद्यानिकी विभाग को निर्देशित किया कि व्यवसायिक प्लांटेशन पर फोकस करें। उन्होंने पॉम ऑयल योजना की जानकारी लेते हुए योजना के क्रियान्वयन हेतु बड़े कृषक अथवा बिरहोर ग्राम में जगह एवं हितग्राही चिन्हांकन करने के निर्देश दिए।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### सड़क पर रफ्तार की होड़, ट्रैक्टर से टकराई बस, बाल-बाल बचे 29 यात्री

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर एक बार फिर एक यात्री बस रफ्तार के साथ ही समय से पहले पहुंचने की होड़ में ट्रैक्टर से टकरा गई। बस सड़क किनारे गड्ढे में जा घुसी। इस घटना में जहां ड्राइवर समेत तीन यात्रियों को चोट आई, जिन्हें बेहतर उपचार के लिए कांकेर के हॉस्पिटल में भेजा गया। वहीं बस में सवार अन्य यात्रियों को निकाल कर दूसरे बस से रायपुर के लिए रवाना किया गया। यह घटना केशकाल थाना क्षेत्र के ग्राम खालेमुरवेंड के पास हुई है।

घटना की जानकारी देते हुए केशकाल थाना प्रभारी ने बताया कि देर रात जगदलपुर से एक यात्री बस 29 सवारियों को लेकर रायपुर के लिए निकली थी। रात करीब दो बजे के लगभग जैसे ही बस केशकाल थाना क्षेत्र के ग्राम खालेमुरवेंड के पास पहुंची तो सामने से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक चालक को बचाने के साथ ही ओवरटेक कर रही एक ट्रैक्टर से जा टकराई। इस हादसे के बाद बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा घुसी। बस में सवार तीन यात्रियों के अलावा बस के चालक को भी चोट आई, जिसे उपचार के लिए कांकेर के अस्पताल भिजवाया गया।

वहीं घटना की जानकारी लगते ही केशकाल पुलिस की टीम भी देर रात मौके पर पहुंची। यात्रियों को निकालने में जुट गई। सभी सवारियों को सही सलामत बाहर निकालने के बाद उन्हें दूसरी बस की मदद से रायपुर भिजवाया गया। रात ज्यादा होने के कारण बस को नहीं निकाला गया। लेकिन शनिवार की सुबह से ही बस को निकालने में पुलिस टीम जुट गई थी।

# बिना हेलमेट वालों पर यातायात विभाग की सख्ती, एक माह में 3000 से ज्यादा वाहन चालकों पर लगा जुर्माना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग भिलाई में नेशनल हाइवे व सेंट्रल एवेन्यू पर दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट अनिवार्य किया गया है। 1 फरवरी से यातायात विभाग द्वारा इसके लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। एक माह में यातायात विभाग ने 3000 से ज्यादा दो पहिया वाहन चालकों पर बिना हेलमेट की धाराओं के तहत की है। यातायात विभाग की सख्ती के कारण अब अधिकांश वाहन चालक हेलमेट लगाकर वाहन चला रहे है।



बता दें एक माह से नेशनल हाईवे एवं सेन्ट्रल एवेन्यू मार्ग पर बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वाले पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। फरवरी में कुल 3195 वाहन चालको के उपर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत बिना हेलमेट की धारा पर कार्रवाई की गई है। यातायात पुलिस की इस हेलमेट पर सख्ती के कारण अब अधिकांश वाहन चालक हेलमेट का प्रयोग करने लगे हैं। साथ ही यातायात पुलिस की इस मुहीम में बहुत से समाजिक संस्थाएं एवं समाजिक कार्यकर्ता, कॉलोनी के रहवासी भी बढचढ के हिस्सा ले रहे है और बिना हेलमेट वाहन चालको को हेलमेट के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रहे है।

किसी सडक दुर्घटना के दौरान दो पहिया वाहन चालक की आकस्मिक मृत्यु हेलमेट नहीं पहनने से सर में लगने वाले गंभीर चोट की वजह से होना पाया गया है इस आकस्मिक मृत्यु को रोकने के लिए एवं दो पहिया वाहन चालको को हेलमेट के प्रति जागरूक करने यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम भी किये जा रहे है। यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक 100 फीसदी लोग हेलमेट का इस्तेमाल शुरू न कर दें।

## होटल ढाबों में घरेलू गैस सिलेंडर के उपयोग पर कार्यवाही

**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन में खाद्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा होटल ढाबों की जांच की गई। जांच के दौरान अ.चौकी के ग्राम सांगली के मुख्य मार्ग पर स्थित ढाबा CG-32 में अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करते हुए पाया गया। ढाबा के संचालक प्रशांत शर्मा एवं शेखर सांगोडे का बयान दर्ज किया गया। जांच के समय ढाबा में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग कर खाना बनाया जा रहा था। जो कि अवैध पाया गया। खाद्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा अवैध रूप से उपयोग किये जा रहे 04 नग घरेलू सिलेंडर को चूल्हा के साथ जप्त किया गया। संचालकों के द्वारा द्रविकृत पेट्रोलियम गैस आदेश 2000 का उल्लंघन करना पाया गया। नियम का उल्लंघन करने के कारण प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इस कार्यवाही में सहायक खाद्य अधिकारी संजय कुमार कौशिक एवं खाद्य निरीक्षक मोहला-अम्बागढ चौकी विश्वनाथ बंजारे उपस्थित थे।

## बाइक चोर पकड़ाया: शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज सहित राजनांदगांव खैरागढ़ से चुराई पांच बाइक, स्मृति नगर पुलिस की कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सुपेला थाना क्षेत्र के तहत स्मृति नगर चौकी पुलिस ने वाहन चोर को पकड़ने में सफलता पाई है। शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के पार्किंग से वाहन चोरी होने के बाद पुलिस एक्टिव हुई। सीसी टीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंची। आरोपी ने एक नहीं पूरे पांच बाइक चोरी की थी। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने 5 बाइक बरामद किया है जिसकी कीमत सवा दो लाख रुपए से ज्यादा है। वाहन चोरी की घटनाओं में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को विशेष निर्देश रखा था। इस बीच स्मृति नगर चौकी क्षेत्र में जुनवानी स्थित श्रीशंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के पार्किंग से चन्द्रहास सिन्हा नाम के युवक की मोटर साइकिल क्रमांक CG-04-LG-2645 चोरी हो गई। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। आरोपी की पतासाजी के दौरान घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी



फुटेज के आधार पर पंचशील नगर निवासी सतीश कुमार साहू को हिरासत में लिया गया।

पुलिस की पूछताछ में उसने मेडिकल कॉलेज की पार्किंग से मोटर साइकिल चोरी करना स्वीकर किया। साथ ही उसने बताया कि कुछ दिन पहले उसने राजनांदगांव से दो और खैरागढ़ से दो मोटरसाइकिलें भी चुराई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की पांच मोटर साइकिल बरामद किया। इस पूरी कार्रवाई में एएसआई पूर्ण बहादुर, आरक्षक संतोष गुप्ता, पन्ने लाल, अनुप शर्मा, शहबाज खान, उपेन्द्र यादव, शिव मिश्रा, विक्रांत यदु एवं चौकी स्मृति नगर से सउनि उत्तम साहू, आरक्षक संजीव ओझा, तुषार वर्मा की उल्लेखनीय भूमिका रही।

# आईजी रामगोपाल गर्ग अचानक पहुंचे बेमेतरा तीन थानों का किया निरीक्षण और दिए निर्देश

**आईजी ने थाना परपोड़ी, पुलिस सहायता केंद्र बिरनपुर, थाना साजा एवम थान खमरिया का किया निरीक्षण**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा।** दुर्ग रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग ने शुक्रवार को बेमेतरा जिले के तीन थानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान आईजी गर्ग ने बेमेतरा जिले का भ्रमण किया और थाना परपोड़ी, पुलिस सहायता केंद्र बिरनपुर एवं थाना साजा एवं थान खमरिया का किया आकस्मिक निरीक्षण। उन्होंने मजबूत सूचना तंत्र विकसित कर बेहतर पुलिसिंग करने दिए गए दिशा निर्देश। साथ ही अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यों में लिप्त लोगो के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए।

शुक्रवार को पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग ने जिला बेमेतरा के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने थाना परपोड़ी, पुलिस सहायता केंद्र बिरनपुर एवं थाना साजा एवं थान खमरिया का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारियो व जवानो को मजबूत सूचना तंत्र विकसित कर बेहतर पुलिसिंग करने, उपस्थित अधिकारी व कर्मचारियों का मनोबल बढाये जाने के साथ कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया।

आईजी गर्ग ने सभी अधिकारियों व जवानों को आमजन महिला आगंतुक रिपोर्ट करने वालों से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पुर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्रवाई करने तथा चोरियों एवं अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए रात्रि में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त सुदृढ करने, गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त के दौरान होटल, लॉज, ढाबा, एटीएम, बैक, बस स्टैण्ड, प्रतिक्षालय एवं संदिग्ध व्यक्तियो कि चेकिंग करने का निर्देश दिया। साथ ही अधिकारियों व जवानों को रात में गस्त, पेट्रोलिंग, कॉम्बिग गस्त कर गली-मोहल्लों एवं चप्पे-चप्पे पर अपनी पैनी नजर रखने, आसपास के ग्रामीण इलाकों में गस्त बढ़ाने दिशा-निर्देश दिया गया। थाना प्रभारी को अवैध कारोबारियो, अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त करने कहा।

आईजी गर्ग ने त्रिनयन एप के माध्यम से बेमेतरा जिले के लिए विकसित सीसीटीवी कैमरा का डेटाबेस है जो तेजी से अपराध सुलझाने के लिए पुलिस को सशक्त बनाने कहा। सायबर अपराध पर नियंत्रण के लिए रेंज तथा जिलों में सायबर प्रहरी का प्रचार-प्रसार कर व्हाट्सएप ग्रुप बीट वाईस बनाकर अधिक से अधिक लोगों को जोडकर जन जागरूकता अभियान चलाया जाने निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू , रक्षित निरीक्षक बेमेतरा मनीष राजपूत, थाना प्रभारी साजाराज कुमार साहू, थाना प्रभारी थानखमरिया राकेश साहु, थाना परपोडी ओमकार साहू एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पत्नी से विवाद के बाद पति ने बेटे को दिया जहर और खुद भी खाया कीटनाशक, बच्चे की मौत, पिता का इलाज जारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलरामपुर।** जिले के पीपरशोत बिरकीमापारा में शराब के नशे में एक पिता ने अपनी पत्नी के साथ विवाद हो गया। मारपीट कर अपने मासूम बेटे को जहर देकर खुद भी कीटनाशक का सेवन कर लिया। गंभीर स्थिति में दोनों को बलरामपुर अस्पताल ले जाया गया। जहां से स्थिति खराब होने पर दोनों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लाकर भर्ती किया गया। यहां उपचार के दौरान मासूम की मौत हो गई। गंभीर स्थिति में पिता का उपचार आईसीयू में जारी है।

जानकारी के अनुसार बलरामपुर जिले के



पीपरशोत बिरकीमापारा निवासी सहन राम 28 फरवरी की शाम नशे में धुत होकर घर पहुंचा और अपनी पत्नी सोहरी से विवाद करने लग।. बाद में शराबी पति ने अपनी पत्नी को डंडा लेकर मारने के लिए दौड़ा। जान बचाकर पत्नी अपनी छोटी बच्ची को गोद में लेकर पड़ोसी सनंदा के घर चली गई।

इसी बीच शराबी पति ने अपने तीन वर्ष के मासूम बेटे सुशील उर्फ अंसु को जहर देकर खुद भी कीटनाशक का सेवन कर लिया। घटना के बाद सोहरी के रिश्ते की दीदी भूनिया वहां दौड़ते हुए आई और सोहरी को पूरी बात बताई। जानकारी मिलने पर तत्काल पत्नी घर पहुंची। तब उसने देखा कि उसके मासूम बेटे और शराबी पति की हालत ठीक नहीं थी। तत्काल दोनों को बलरामपुर अस्पताल ले जाया गया। वहां से रेफर करने पर दोनों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाकर दाखिल कराया गया। मासूम की मौत हो गई है। वहीं पति का उपचार अस्पताल में चल रहा है।

## एक जमीन का दो बार सौदा: रजिस्ट्री के बाद फर्जी दस्तावेज से दूसरे को बेचा, आरोपी गिरफ्तार

### फर्जीवाड़े के आरोप में शातिर पहले भी जा चुका है जेल, कोतवाली पुलिस की कार्रवाई



**भिलाई।** दुर्ग कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी के एक आरोपी को पकड़ा है। शातिर ने एक ही जमीन का दो बार सौदा कर दोनों खरीदारों से धोखा किया। पहले उसने खुर्सीपार निवासी शख्स को जमीन बेची। रजिस्ट्री व प्रमाणीकरण होने के बाद उसी जमीन को फर्जी दस्तावेजों के सहारे दूसरे को बेच दिया। इसकी जानकारी होने के बाद खुर्सीपार निवासी शख्स ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी पहले भी इसी तरह के फर्जीवाड़े में जेल की हवा खा चुका है। जेल से बाहर आने के बाद फिर से यही हरकत की।

दरअसल यह घटना 2014 की है। खुर्सीपार निवासी मासूक हुसैन ने 29 फरवरी को थाने पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में उसने बताया कि ग्राम गब्दी पाटन निवासी गजेन्द्र कुमार साहू ने 11 मार्च 2014 को खसरा 505/1 रकबा 0.21 हेक्टेयर को 3 लाख रुपए में बेचा था। गजेन्द्र से रजिस्ट्री के माध्यम से स्थान उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग के समक्ष रजिस्ट्री कराया था। रजिस्ट्री कराने के बाद से गजेन्द्र द्वारा उक्त रजिस्ट्री की प्रमाणीकरण-नामांतरण की कार्यवाही नहीं की जा रही थी। प्रार्थी द्वारा बार बार अनावेदक से संपर्क कर निवेदन किये जाने के पश्चात भी अनावेदक टाल मटोल करता रहा। इस बीच प्रार्थी 2017 से 2020 तक कई बार उसके घर जाकर परिवार वालों से पूछताछ किया परन्तु वह लंबे समय तक अपने पते से गायब रहा। इसके कारण प्रमाणीकरण-नामांतरण की कार्यवाही नहीं की जा सकी।


इसके बाद प्रार्थी गजेन्द्र के गांव पहुंचा जहां उसे पता चला कि गजेन्द्र पूर्व में कई लोगों को इस तरह से धोखा दे चुका है। उसके खिलाफथाना पाटन, थाना सुपेला में अपराध दर्ज है और वह जेल भी जा चुका है। इसके बाद प्रार्थी ने शासकीय वेवसाइट देखा तो पता चला कि गजेन्द्र ने उसकी रजिस्ट्रीशुदा भूमि को अन्य व्यक्ति अरूण पिता कन्हैया लाल व्यक्ति बेच दिया है। इसके बाद उससे संपर्क करने पर भी वह नहीं मिला। इसके बाद प्रार्थी ने कोतवाली थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने आरोपी गजेन्द्र साहू को उसके गांव से गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया।

# कोरबा में नाबालिग ने लगाई फांसी, सहेली के प्रेमी को करती थी पसंद, पिता को भी मिली थी धमकी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में शुक्रवार की सुबह एक नाबालिग किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किशोरी अपनी ही एक सहेली के प्रेमी को पसंद करती थी और यह बात उसकी सहेली को पता चल गई। सहेली ने उसके पिता को भी धमकाया था। किशोरी शादी पार्टियों में वेटर का काम करती थी और गुरुवार को वेतन के नाम पर निकली और रात भर नहीं लौटी। सुबह पिता उसे उसकी सहेली के घर से समझा बुझाकर लाया लेकिन उसने घर पहुंचने के बाद यह खौफनाक कदम उठाया। घटना बालको थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार लालघाट क्षेत्र में रहने वाली 17 वर्षीय सुमित्रा पांडेय ने शुक्रवार की सुबह अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुमित्रा शादी पार्टियों में वेटर का काम करती है। गुरुवार को वह



अपने पिता चंद्रिका प्रसाद को वेतन लेने जाने की बात कहकर गई लेकिन वह नहीं लौटी। देर शाम को पिता सुमित्रा को खोजता हुआ उसकी सहेली के घर पहुंच गया। यहां काफी मनाने पर वह नहीं लौटी। शुक्रवार की सुबह फिर उसके घर जाकर मनाया तो घर के लिए निकली। घर पहुंचने के बाद खुद को कमरे में बंद कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सुमित्रा के शव को फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस की पूछताछ में मृतका के पिता चंद्रिका ने बताया कि उसकी बेटी उसकी एक सहेली के प्रेमी को पसंद करती थी। उसे लेकर उसकी सहेली से कई बार उसका विवाद भी हुआ। चंद्रिका ने यह भी बताया कि सुमित्रा की सहेली ने एक बार घर पर अपनी बेटी को संभाल लेने की चेतावनी भी दी थी। फिलहाल इस पूरे मामले में बालको थाना पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

सेक्टर-6 एवं रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### स्मृति साहू को मिली पीएचडी की उपाधि

**दुर्ग।** कसारीडीह आजाद चौक निवासी स्मृति साहू को सिंब्यासिस इंटरनेशनल यूर्निवसिटी (डीमड) पुना ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। यह उपाधि उन्हें इंजीनियरिंग के क्षेत्र में इलेक्ट्रानिक्स टेलीकॉमनीकेशन विषय पर शोधकार्य के लिए दिया गया है। उन्होंने अपना शोधकार्य डीमड की पूर्व प्रोपेसर डॉ. नीला आर के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। पीएचडी उपाधि प्राप्त स्मृति चेतन साहू की पत्नी और डॉ. एमके साहू की सुपुत्री हैं। उन्होंने अपने इस उपलब्धि का श्रेय डीमड यूर्निवसिटी के प्रोफेसरो एवं परिजनों को दिया है।

### अनुराग त्रिपाठी ने किया शासकीय पैनल लायर का कार्यभार ग्रहण

**दुर्ग।** दुर्ग नगर के युवा विधि व्यवसायी अधिवक्ता अनुराग त्रिपाठी को छत्तीसगढ़ शासन के विधि विधायी विभाग महानदी भवन नवा रायपुर द्वारा उच्च न्यायालय बिलासपुर में शासकीय पैनल लॉयर नियुक्त किया गया है । अनुराग त्रिपाठी को अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद जिला इकाई दुर्ग के मीडिया प्रभारी का भी दायित्व है तथा वे लिपिक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष संतोष कुमार त्रिपाठी एवं श्रीमती रीता देवी त्रिपाठी के सुपुत्र हैं तथा यूबिसॉफ्ट गेमिंग कंपनी में कार्यरत इंजीनियर पीयूष त्रिपाठी के अनुज हैं। बता दे कि अनुराग त्रिपाठी टैक्सेशन / कर विधि के विद्वान हैं जिनका हाल ही में उद्धाषित अफ्रूव्ड फॉर रिपोर्टिंग (ए.एफ .आर.) रिपोर्टेबल जजमेंट उच्च न्यायालय के सर्विस टैक्स मामले का ख़ासा चर्चित विषय रहा । उनके शासकीय पैनल लॉयर के तौर पर नियुक्ति तत्पश्चात् कार्यग्रहण करने की अधिवक्ता तथा अन्य साथियों की शुभकामनाएँ प्राप्त हुई तथा दुर्ग नगर का मान बढ़ाया ।

### भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 4 मार्च को नराकास स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' के उपलक्ष्य में महिलाओं के लिए 'नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग' स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन 04 मार्च 2024 को मानव संसाधन विकास विभाग के सभागार में किया जा रहा है। भाषण प्रतियोगिता का विषय-'समाज में हिंदी के प्रचार-प्रसार में महिलाओं का योगदान' है। उल्लेखनीय है कि भिलाई-दुर्ग स्थित केन्द्र शासन के समस्त उपक्रमों, विभागों एवं प्रतिष्ठानों में हिंदी के प्रचार-प्रसार को गति प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप 'नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग' का गठन किया गया है। समिति द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार तथा केन्द्र सरकार की राजभाषा नीतियों के कार्यान्वयन के लिए वर्ष भर विविध गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है, जिसमें भिलाई-दुर्ग स्थित समस्त सार्वजानिक क्षेत्र के उपक्रम, बैंक, बीमा कंपनियों तथा जवाहर नवोदय विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय, आयकर विभाग, वस्तु एवं सेवाकर विभाग एवं भारतीय खाद्य निगम आदि सदस्य संस्थानों की सक्रिय प्रतिभागिता रहती है।

### रद्दी पेपर कतरन विक्रय के लिए निविदा आमंत्रित

**दुर्ग।** क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में रद्दी पेपर कतरन विक्रय हेतु 07 मार्च 2024 तक पृथक पृथक मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की गई है। इस संबंध में आवश्यक शर्तें व जानकारी हेतु क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय दुर्ग में संपर्क किया जा सकता है।

# महतारी वंदन योजना: डीबीटी कराने बैंकों में लगी कतार रविवार को छुट्टी के दिन भी करा सकेंगे डीबीटी

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने वाले महिलाओं को अपने खाते को डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ भुगतान) से जोड़ना अनिवार्य है। योजना के तहत आवेदन करने वाली महिलाओं को जब इसकी जानकारी मिली तो बैंकों में डीबीटी कराने महिलाओं की लंबी कतारे लगने लगी है। बीते तीन दिनों से भिलाई दुर्ग के तमाम बैंकों में महिलाओं की भीड़ देखी जा सकती है। यह भीड केवल और केवल अपने खाते को आधार के जरिए डीबीटी कराने के लिए है। बैंकों में भीड़ को देखते हुए दुर्ग कलेक्टर ऋृचा प्रकाश चौधरी ने रविवार को भी बैंकों को डीबीटी के लिए खुला रखने का निर्देश दिया है।



बता दें छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना की घोषणा की है। 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिलाओं को डीबीटी के माध्यम से राशि का भुगतान किया जाना है। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रति माह 1000 रुपए यानी सालाना 12000 रुपए दिया जाएगा। राशि का भुगतान ऑनलाइन डीबीटी के माध्यम से किया जाना है। इसके लिए पात्र महिलाओं का बैंक खाता डीबीटी से लिंक होना अनिवार्य है। कुछ दिन पूर्व की जिला प्रशासन द्वारा इस संबंध में बताया गया कि पात्र महिलाओं का खाता डीबीटी लिंक होना चाहिए। जैसे ही इसकी जानकारी लगी महिलाओं में डीबीटी कराने की होड़ मच गई है। हालात यह है कि बैंकों में सुबह से डीबीटी कराने वालों की भीड़ लग रही है। शहर के अधिकतर बैंकों में इसके लिए अलग से काउंटर बनाकर खातों का डीबीटी किया जा रहा है।

### कलेक्टर ने लीड बैंक मैनेजर का पत्र लिख दिए निर्देश

कलेक्टर ऋृचा प्रकाश चौधरी ने महिलाओं को समस्या को देखते हुए प्रबंधक अग्रणी बैंक दुर्ग के नाम पर पत्र जारी कर निर्देशित किया है। उन्होंने पत्र के माध्यम से कहा है कि छत्तीसगढ़ शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन की कार्यवाही की जा रही है। इस योजना के तहत 21 वर्ष से अधिक उम्र की विवाहित, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिलाओं को प्रतिमाह राशि 1000 उनके आधार लिंक बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाना है। जिले में बैंक खातो को आधार लिंक करने के लिए 59420 का लक्ष्य है, जिसमें से जिले के अधिकांश महिलाओ का बैंक खाता आधार से लिंक नहीं हुआ है। इस कार्य की समय सीमा में 5 मार्च तक पूर्ण किया जाना है। इसके लिए अवकाश दिवस यानी रविवार 3 मार्च को महिलाएं बैंक में जाकर अपना खाता आधार लिंक व डीबीटी सक्रिय करवा सकते है। बैंक में रविवार को सिर्फ महतारी वंदन योजना के कार्य ही स्वीकार होंगे । इसके अलावा बैंकर्स प्रत्येक बैंक मे 2 से 5 मार्च तक महतारी वंदन योजना के आधार लिंक एवं डीबीटी क्रियान्वयन के लिए विशेष काउन्टर की सुविधा भी उपलब्ध करायेगे।

### 148 आंगनबाड़ी केन्द्रों में पात्र महिलाओं की सूची उपलब्ध

भिलाई निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने जानकारी देते हुए बताया कि भिलाई निगम क्षेत्र में संचालित 148 आंगनबाड़ी केन्द्रों में उन हितग्राहियो की सूची उपलब्ध कराई गई है, जिन्होने महतारी वंदन योजना के साथ जो बैंक खाते संलग्न किये है वे आधार लिंक एवं डायरेक्ट बेनिफ्टि ट्रांसफर (डीबीटी) से जुड़े नही है। आवेदिका अपने निकट के आंगनबाड़ी केन्द्रों में जाकर सूची का अवलोकन भी कर सकते है। हितग्राही अपने बैंक खाते को प्रत्यक्ष लाभ भुगतान यानि डीबीटी. 5 मार्च तक अवश्य करवा लें।

# निगम कार्यालय में संभागायुक्त का औचक निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** संभागायुक्त ने निगम भिलाई के विभागीय कार्यो का औचक निरीक्षण कर जन सामान्य के कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने , अपने कार्य के लिए आने वाले नागरिको से उत्तम व्यवहार रखने की सलाह अधिकारी कर्मचारी को दिए। निगम मुख्य कार्यालय सुपेला मे शुक्रवार को प्रात: 11:30 बजे संभागायुक्त एस.एन. राठौर पहुँचे और आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के साथ विभागो का निरीक्षण किये।

उन्होने भवन अनुज्ञा शाखा में पहुँचकर भवन अधिकारी से नियमितीकरण के प्राप्त आवेदनो की प्रगति की जानकारी लिए और लोगो को नियमितीकरण प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु लम्बित प्रकरणो पर शीध्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए। टैक्स वसूली काउन्टर में पहुँचकर उन्होने कर्मचारियो से टैक्स भुगतान की प्रक्रिया को समझा तथा आनलाईन भुगतान की प्रक्रिया को सरलीकृत करने को कहा ताकि नागरिको को घर बैठे टेक्स भुगतान कि.सुविधा मिले। राठौर ने करो का भुगतान करने के लिए आने वाले नागरिको के लिए बैठने एवं पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। वे विवाह पंजीयन काउन्टर में पहुँचकर विवाह पंजीयन की पुरी प्रक्रिया से अवगत होते हुए जानना चाहा कि अब तक कितने पंजीयन किये जा चुके है। काउन्टर में पदस्थ कर्मचारी ने बताया कि जनवरी माह से अभी तक 400 विवाह पंजीकृत किये जा चुके है । संभागायुक्त ने काऊंटर मे पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के साथ योजना के लगे बेनर पोष्टर को नये लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने निगम कार्यालय में स्थापित कैन्टीन को परिसर मे अन्य उचित स्थान पर स्थानांतरित करने के निर्देश दिये श्री राठौर ने कहा कि क्षेत्र के नागरिक जो अपने कार्य के लिए निगम कार्यालय पहुँचते है उनके साथ अधिकारी कर्मचारियो का व्यवहार उचित हो ताकि निगम की छवि लोगो के बीच अच्छा रहे। आने वाले नागरिको के लिए पर्याप्त पेयजल, बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही शौचालय की साफ-सफाई नियमित रूप से करने को कहा। ताकि लोगो को स्वच्छ और अच्छा माहौल कार्यालय में मिल सके।



### रावघाट रेल परियोजना प्रभावित परिवारों के सदस्यों को रोजगार के लिए ऑफर लेटर सौंपा

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र, जो दल्ली-राजहरा से रावघाट रेल लाइन परियोजना के निर्माण में आर्थिक रूप से सहयोग कर रहा है, ने रेल-लाइन परियोजना से प्रभावित परिवारों में से 177 लोगों को आईटीआई में प्रशिक्षित कर भिलाई इस्पात संयंत्र में रोजगार देने की जिम्मेदारी ली है।

रावघाट रेल परियोजना प्रभावित परिवारों (पीएएफ) के तीन नए सदस्यों को रोजगार के लिए ऑफर लेटर 29 फरवरी 2024 को इस्पात भवन में मुख्य महाप्रबंधक (रावघाट) अरुण कुमार की उपस्थिति में कार्यपालक निदेशक (खदान-रावघाट) समीर स्वरूप द्वारा सौंपा गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (कार्मिक-नॉन वर्क्स एवं माइंस)सूरज कुमार सोनी, उप महाप्रबंधक प्रताप नायक, सहायक महाप्रबंधक (माइंस-रावघाट) सचिन रंगारी, वरिष्ठ प्रबंधक (कार्मिक रिक्रूटमेंट) वसंत कुमार तथा खदान विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। अब तक कांकेर के 108 और बालोद जिले के 37 लोगों सहित कुल 145 लोगों को आईटीआई प्रशिक्षित करने के बाद सेल-बीएसपी में नियुक्त किया गया है। इनमें 25 से अधिक महिला कर्मचारी शामिल हैं। निर्माणाधीन दल्ली-राजहरा से रावघाट रेल लाइन ने, न केवल क्षेत्र में रहने वाली आदिवासी आबादी को रेल कनेक्टिविटी प्रदान की है।

# दुर्ग नगर की बेटी जैन साध्वी शुभंकरा श्रीजी का 50 संयम स्वर्ण महोत्सव का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** जैन साध्वी श्री शुभंकर श्री जी का 50 संयम स्वर्ण महोत्सव राजेंद्र कुमार मारुति परिवार के आदित्य में मूर्ति पूजन संघ के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में संत कपयज्ञ सागर, ऋृषभ सागर, साध्वी सुभद्रा श्री जी, साध्वी कनक प्रभा श्री जी, साध्वी प्रिया स्मिता श्रीजी, साध्वी डॉक्टर प्रियलता श्री जी के सानिध्य में ऋृषभदेव परिसर में स्वर्ण संयम अनुमोदन का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। संयम स्वर्ण महोत्सव 3 मार्च को प्रात: 6:00 बजे से प्रारंभ होगा जिसमें भगवान आदिनाथ जी का सदर जैन मंदिर में 1008 अभिषेक किया जाएगा। प्रात: 8:30 बजे सदर जैन मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ होगी जो शहर भ्रमण करते हुए ऋृषभदेव परिसर पहुंचेगी। जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों के जैन समाज के लोग हिस्सा ले रहे हैं। प्रात: 9:30 बजे से संयम स्वर्ण उत्सव अनुमोदन कार्यक्रम का आयोजन ऋृषभदेव परिसर में आयोजित होगा। इसी के साथ साध्वी शुभंकरा श्री जी के जीवन दर्शन से तैयार की गई नाट्य मंचन संतोष से शुभंकरा का मंचन होगा जिसमें साध्वी श्री शुभंकरा श्री जी के जीवन दर्शन को प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के गौतम प्रसादी का आयोजन भी ऋृषभदेव परिसर में ही आयोजित होगा। दोपहर 2:30 बजे संयम सांझी कार्यक्रम का आयोजन है जिसमें दुर्ग जैन समाज के सभी वर्ग के लोग इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। शोभा यात्रा के प्रभारी श्री आदिनाथ जैन स्वाध्याय मंडल नाट्य मंचन संयम मांझी के आयोजक श्री मनोहर महिला मंडल तथा आवास की व्यवस्था श्री आदेश्वर जैन मंडल दुर्ग के देखरेख में आयोजित होगी। गौतम प्रसादी की व्यवस्था विनोद गोलक्षा एवं सहयोगी साथियों के सहयोग से आयोजित की जाएगी। संयम स्वर्ण महोत्सव कार्यक्रम के आयोजन राजेंद्र मारोटी ने जैन समाज के सभी वर्ग के लोगों से आयोजित सभी कार्यक्रम में उपस्थित का आग्रह किया है।

# पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने विधायक गजेंद्र यादव उतरे फिल्ड में

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। शंकरनगर और विजयनगर में पेयजल की समस्या को लेकर शुक्रवार को विधायक गजेंद्र यादव निगम के अधिकारियो के साथ फील्ड में उतरे। वार्ड में महिलाओ ने बताया की क्षेत्र में पानी नहीं आता, उन्होंने एजेंसी द्वारा बिछाये गए पाइपलाइन को भी देखा और निगम के अधिकारियो को निर्देशित किया की अव्यवस्थित अमृत मिशन के पाइपलाइन को शीघ्र ही दुरुस्त कर हर घर तक पेयजल पहुंचाये।



विधायक गजेंद्र यादव ने कहा की शंकरनगर (मोहन नगर पश्चिम ), विजयनगर के निवासियों ने पेयजल की समस्या जानकारी दिए थे जिसके निराकरण हेतु आज दुर्ग निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर व जल विभाग के अधिकारियो के साथ वार्ड 10 एवं वार्ड 12 सड़क न 6,7,9,19,20 और 23 का निरिक्षण किये। वार्ड में नागरिकों ने पानी नहीं आने की समस्या बताई। हालत ऐसी ही रही तो गर्मी में समस्या और विकट हो जाएगी। जिस पर विधायक ने निगम आयुक्त को अव्यवस्थित तरिके से पाईपलाइन बिछाने वाली एजेंसी के खिलाफ कार्यवाही करने और बिछाई गई अमृत मिशन के पाइपलाइन की तकनीकी त्रुटियों को शीघ्र सुधारने कहा। इसके साथ ही निगम क्षेत्र के अन्य वार्डों में भी जहाँ पेयजल की समस्या है उन क्षेत्रों को जल विभाग द्वारा चिन्हित कराकर गर्मी बढ़ने के पूर्व व्यवस्था दुरुस्त करने निर्देशित किये ताकि गर्मी में कहीं भी जलसंकट की समस्या न हो। इसी प्रकार पुलिस लाइन के पीछे बिहारी बस्ती में पेयजल की समस्या के निराकरण हेतु निरिक्षण किये। इस दौरान पार्षद अजीत वैद्य, चंद्रशेखर चंद्राकर, कविता तांडी, देवनारायण चंद्राकर, कांशीराम कोसरे, अजय वर्मा, अतुल पहाड़े, राहुल भट्ट, निगम से ईई दिनेश नेताम, गिरीश दीवान, नारायण ठाकुर सहित वार्ड के नागरिक उपस्थित थे।

# विधायक रिकेश सेन ने बनाए रिकार्ड विधायक प्रतिनिधि, 30 कार्यकर्ताओं को दी जिम्मेदारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने शुक्रवार को दिल्ली रवाना होने से पहले भाजपा को लोकसभा में 1 लाख बड़ी लीड दिलाने का संकल्प दोहराते हुए सुपर 30 विधायक प्रतिनिधि की घोषणा की है। विधायक सेन ने कहा कि वैशाली नगर की जनता और कर्मठ भाजपा कार्यकर्ताओं की टीम ने विधानसभा में उन्हें 41 हजार मतों के अंतर से विजय दिलाया था। अब मोदीजी की हैट्रिक के लिए भाजपा प्रत्याशी को वैशाली नगर विधानसभा से 1 लाख की लीड दिलाने हम सभी कार्यकर्ता कमर कस तैयार हैं।



विधायक रिकेश सेन ने कहा कि भाजपा पूरे भारतवर्ष में जनाधार के साथ हर भारतीय की पसंद बनती जा रही है। लोकसभा चुनाव सहित छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार के समर्थन में हजारों लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। जनता की सेवा और राज्य तथा केंद्र सरकार की जन उपयोगी योजनाओं को घर घर जन जन तक पहुंचाने हम सभी संकल्पित हैं। वैशाली नगर भाजपा टीम को और भी मजबूत बनाने आज सुपर 30 प्रतिनिधियों की घोषणा उन्होंने की है, बहुत जल्द इन्हें वार्ड, निगम, शिक्षा, चिकित्सा, खेल, रोजगार के क्षेत्र में सेवा की जिम्मेदारी देते हुए अहम दायित्व विधायक प्रतिनिधि के रूप में सौंपा जाएगा।

सुपर 30 विधायक प्रतिनिधि टीम में कान्हा महाराज, कन्हैया लाल लहरे महार समाज, सुनीत कुमार सिंह, हरीबंस सिंह कुशवाहा समाज, साहू समाज नेत्री भानबती साहू, भाजपा नेत्री निशा चौरसिया, भगवती देवी साव, भूतपूर्व सैनिक गिरजेश कुमार सिंह, मनीषा राठी, अक्षय श्रीवास, नम्रता महीप ढाकरे, बलदेव सिंह, वृंदा नगर निवासी बी रामाराव, कृष्णा नगर निवासी उत्तम श्रीरांगे, माडल टाउन निवासी रमेश दादर, प्रियदर्शिनी परिसर निवासी नरेंद्र बांधे, राजीव नगर निवासी दीपक भोंडेकर, लक्ष्मी नगर निवासी सुमन वर्मा, सुपेला बाजार निवासी सचिन ताम्रकार, नेहरू भवन वार्ड निवासी विवेक सेन, कांट्रैक्टर कालोनी निवासी सूर्यकांत बघेल, मुस्लिम समाज से अब्दुल समद कुरैशी, उद्योगपति नागेंद्र कुमार सिंह, कोसा नगर भाजपा मंडल महिला नेत्री मीना शुक्ला, लक्ष्मीनारायण सेन, महिला नेत्री उमा सोनकर, पूर्व पार्षद श्रीमती अनिता वर्मा, श्रमिक नेता दिलेश्वर राव, दिनेश सेन और होटल रेसार्ट कंसल्टेंट अमिताभ भट्टाचार्य को शामिल किया गया है। रिकेश सेन ने प्रतिनिधियों को कहा है कि वो वार्ड पार्षद/छाया पार्षद के सहयोग और सामंजस्य से जनसमस्या, विकास कार्यो सहित अन्य समस्याओं के संबंध में प्रस्ताव बना कर समय समय पर उन्हें दूर करवाने आवश्यक पहल करेंगे तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी की गारंटी तथा केंद्र और राज्य सरकार की जनोपयोगी योजनाओं को अपने वार्ड में घर-घर पहुंचा आमजन को लाभान्वित करने अहम भूमिका निभाएंगे। आगामी लोकसभा चुनाव में दुर्ग से भाजपा प्रत्याशी को वैशाली नगर बड़ी लीड दिलाने अहम भूमिका अदा करेंगे।

# गौवंश के संरक्षण को लेकर दुर्ग से दिल्ली तक पदयात्रा पर निकले 2 गौसेवक

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। गौवंश के संरक्षण और कल्याण के उद्देश्यों को लेकर गौसेवक आकाश मजूमदार व लेखराम यादव शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली तक के पदयात्रा पर निकले। उन्होंने अपनी पदयात्रा की शुरूवात सिकोलाभाठा रैक प्वांइट स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर की।



तत्पश्चात् पदयात्रा करते हुए उन्होंने पूरे शहर का भ्रमण किया। इस दौरान प्रमुख मार्गो व चौक-चौराहों पर विभिन्न राजनीतिक दलो के जनप्रतिनिधियों और सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा गौसेवको का स्वागत कर उन्हें अपने उद्देश्यों में सफल होने की शुभाकमनाएं दी गई। गौसेवक आकाश मजूमदार व लेखराम यादव के शहर भ्रमण के दौरान कंकालिन मंदिर चौक पर नगर निगम के सभापति राजेश यादव ने पार्षदो के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान समाजसेवी दिग्विजय सिंह, शिशिरकांत कसार, अभिषेक प्रजापति, देवव्रत सिंह, अमित सरकार, नितेश जैन, राहुल बाबा, सूरज विस्वास के अलावा सैकड़ो की संख्या में गौसेवक मौजूद रहे।

नई दिल्ली राष्ट्रपति भवन तक के पदयात्रा पर निकले गौसेवक आकाश मजूमदार ने बताया कि गौवंश को उचित व्यवस्था देने गौसेवक हरसंभव प्रयास कर रहे है, लेकिन छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों में अभी भी गौवंश की स्थिति दयनीय है। गौवंश लावारिस हालत में विचरण कर रहे हैं। दुर्घटना में मौत का शिकार भी हो रहे है। गौशालाओं में गौवंश की ठीक से देखभाल नहीं किया जा रहा है। गौ तस्करी की घटनाओं में लगातार

इजाफा हो रहा हैं। गौवंश कत्लखाना भेजे जा रहे हैं। ऐसे कई गंभीर कारण हैं। जिसकी वजह से गौमाता कहे जाने वाले देश में गौवंश की स्थिति ठीक नहीं है। इन सारे मुद्दों के अलावा गौवंश के संरक्षण व कल्याण के उद्देश्यों को लेकर राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली तक यह पदयात्रा की जा रही है। उन्होंने बताया कि लगभग 14 सौ किलोमीटर की यह पदयात्रा वे 30 से 35 दिनों में पूर्ण कर लेगे। प्रतिदिन 40 किलोमीटर पदयात्रा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। पदयात्रा में सुसज्जित गौरथ गौसेवकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बन रहा है। सहयोगी के तौर पर सुरजचंद विश्वास, संगीत कुमार साहू व अन्य 8-10 गौसेवकों की टीम पदयात्रा में शामिल हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950